मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 199 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

03 जनवरी 2024 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

26 अधिकतम

12 न्यूनतम



Page- 7

# जबलपुर में प्रशासनिक व राजनीतिक संदेशों वाली कैबिनेट बैठक!

**भोपाल/जबलपुरर दोपहर मेट्रो।**

पांच साल बाद जबलपुर फिर उसी सरकारी गहमागहमी का गवाह बन रहा है। आज भाजपा की मोहन यादव सरकार की कैबिनेट बैठक शाम को शक्तिभवन में हो रही है, पांच साल पहले कांग्रेस की नवगठित कमलनाथ सरकार की कैबिनेट बैठक भी यहां हुई थी। वैसे मप्र में भी कैबिनेट की बैठकें भोपाल के बाहर करने का चलन नया नहीं हैं। यह बैठकें सीधी से लेकर पचमढी और हनुवंतिया से लेकर उज्जैन तक होती रही हैं। दो दशक पहले भाजपा की सरकार बनने पर सीएम उमाभारती ने सीधी के गांव में बैठक की थी। शिवराज सरकार में कैबिनेट की औपचारिक व अनौपचारिक बैठकें सूबे में कई स्थानों पर होती रही हैं।

आज भोपाल से बाहर सीएम मोहन यादव कैबिनेट बैठक जबलपुर में कर रहे हैं। वे जबलपुर पहुंच गये हैं और यहां एक सभा को भी संबोधित कर रहे हैं। बैठक का अधिकारिक एजेंडा सामने नहीं आ पाया है लेकिन सूत्रों का कहना है कि सरकार का पूरा फोकस घोषणा में शामिल पीएम मोदी और भाजपा की गारंटी पर है। यह



भाजपा के चुनावी रोडमैप का भी हिस्सा है। कैबिनेट जबलपुर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने का फैसला कर सकती है। बैठक में राज्यपाल के बजट अभिभाषण का अनुसमर्थन, तेंदूपत्ता श्रमिकों को 4000 रुपए प्रति बोरा, ग्वालियर मेला में खरीदी पर छूट, जल-संसाधन, पीडब्ल्यूडी की खर्च लिमिट बढ़ाना, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी के पद की मंजूरी के प्रस्ताव भी आ सकते हैं। वहीं साइबर तहसील संबंधी निर्णय भी संभावित है। राजनीतिक नजरिये से भी मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव का यह पहला जबलपुर दौरा महत्वपूर्ण है। भाजपा ने आदिवासियों व महाकोशल अंचल को साधने के राजनीतिक प्रयास डेढ साल पहले महाकोशल से ही शुरू किये थे। आदिवासियों पर भी भाजपा की नजरें हैं। हाल के विस चुनाव में भाजपा को आदिवासियों को 'पूर्ण समर्थन' नहीं मिल सकता है। करीब दो दर्जन सीटें कांग्रेस को भी मिली हैं। माना जा रहा है कि अब लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा की जमावट फिर यहीं से हो रही है।

### कई बार राजतिलक होते-होते वनवास हो जाता है



इधर पूर्व सीएम व भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बेबाक बोल इस वक्त चर्चा में हैं। अब उन्होंने बुधनी के शाहगंज में कहा है कि ' मुख्यमंत्री के पद तो आ-जा सकते हैं, लेकिन मामा और भाई का पद कभी कोई नहीं छीन सकता। शिवराज ने यह भी कहा- कहीं न कहीं कोई बड़ा उद्देश्य होगा यार, कई बार राजतिलक होते-होते वनवास भी हो जाता है, लेकिन जरूर किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है। उनकी यह बात सुनकर कई महिला उनके गले लगकर रो पड़ीं। चौहान ने कहा कि मैं बहुत गंभीरता से कहा रहा हूं, तुम्हें छोड़कर कभी नहीं जाऊंगा। बहनों की योजनाएं भी जारी रहेंगी और भांजे-भांजियों के कल्याण में भी कोई कसर नहीं रहेंगी। शिवराज ने कहा कि चिंता मत करना, तुम्हें छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा

### दो राज्यों के सीएम जांच एजेंसी की रडार पर

# ईडी : पेशी को तैयार नहीं सोरेन और केजरीवाल पर शिकंजा, छापेमारी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पर गिरफ्तारी व अन्य कानूनू कार्रवाईयों का खतरा मंडराने लगा है। केजरीवाल ने फिर बार फिर प्रवर्तन निदेशालय के नोटिस का जवाब देते हुए पेश होने से इनकार कर दिया है। यह तीसरी बार है जब केजरीवाल पेश नहीं हो रहे हैं। वहीं सोरेन को भी सात नोटिस जारी हो चुके हैं। आज उनके करीबियों पर छापेमारी हुई है।

केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाले में ईडी ने नोटिस दे रही है। मगर कल गुरुवार को तीसरी बार केजरीवाल ने पेश होने से इनकार कर दिया है। आम आदमी पार्टी के अनुसार, केजरीवाल ने ईडी को पत्र लिखा है और कहा है कि वे ईडी की जांच में सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें भेजा गया नोटिस अवैध है। केजरीवाल ने आशंका जताई है कि उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है। उन्हें चुनाव प्रचार से रोकने की भी साजिश है। माना जा रहा है कि ईडी अभी केजरीवाल को एक-दो बार और नोटिस भेज सकता है। ईडी के पास कोर्ट जाने का विकल्प भी है। यदि कोर्ट का आदेश होता है तो केजरीवाल के पेश होना होगा या उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 से ज्यादा ठिकानों पर आज छापेमारी की है। ईडी की रेड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद सहित एक कलेक्टर और एक डीएसपी का ठिकाना भी शामिल है। जांच एजेंसी के अचानक हुए इस एक्शन से झारखंड की सियासत में हड़कंप मच गया है। कल ही सीएम सोरेन ने ईडी पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था छापेमारी में हजारीबाग के पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र दुबे का ठिकाना भी शामिल है। साहिबगंज के कलेक्टर राम निवास के घर के साथ ही राजस्थान में स्थित उनकी मूल स्थान पर भी जांच एजेंसी ने रेड की है। टीम कई ऐसे बिचौलियों के ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है, जिन पर गैरकानूनी सौदों में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। इन बिचौलियों पर एक्शन से अब इस मामले में कई और खुलासे हो सकते हैं। ऐसे फंसे सोरेन. अवैध खनन में मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में श्वष्ठ ने जुलाई में छापेमारी की थी। सोरेन के करीबी पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में है। चार्जशीट के मुताबिक, मिश्रा के घर में एक सीलबंद लिफाफा मिला था. इसमें पासबुक, दो चेक बुक और दो साइन किए हुए चेक मिले थे. ये सब हेमंत सोरेन के नाम पर थे।





### सीएम बोले: भाषा व व्यवहार का ध्यान रखें अफसर

# औकात.. शाजापुर कलेक्टर कन्याल को सरकार ने हटाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रक डाइवर्स की हड़ताल से उभरी आपाधापी से टेंशन में आई सरकार ने ड्राइवर्स से बदजुबानी करने वाले शाजपुर के कलेक्टर किशोर कन्याल को हटा दिया है। आज सुबह इस मामले में सीएम मोहन यादव ने संज्ञान लिया तथा उन्हें हटाकर सचिवालय में पदस्थ करने के निर्देश दिये। नरसिंहपुर कलेक्टर रिजू बाफना को शाजापुर कलेक्टर बनाया गया है। मुख्यमंत्री यादव ने अफसरों को नसीहत दी है कि वे भाषा और व्यवहार का ध्यान रखें. मुख्यमंत्री ने कहा यह सरकार गरीबों की सरकार है। सबके काम का सम्मान होना चाहिए और भाव का भी समान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम गरीबों के कल्याण के लिए ही काम कर रहे है,उनकी सेवा कर रहे है। मनुष्यता के नाते ऐसी भाषा हमारी सरकार में बर्दाश्त नहीं, मैं खुद मजदूर परिवार का बेटा हूं। इस तरह की भाषा बोलना उचित नहीं है।

दरअसल कल ही बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान एक बैठक में कलेक्टर और ड्राइवर्स के बीच गहमा-गहमी हो गई थी। कलेक्टर कन्याल ने ड्राइवर से कहा था कि समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है? इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर उक्त ड्राइवर को बैठक के बाहर ले जाया गया था। खबरों के मुताबिक ड्राइवर ने भी कलेक्टर से कहा था कि वे ठीक से बात करें।



## सुप्रीम कोर्ट ने जांच में दखल से किया इंकार

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

देश में शेयर बाजार में भूचाल ला देन वाले अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। सेबी की जांच में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। तीन जजों की बेंच ने कहा कि सेबी की जांच उचित है और वह इस मामले की जांच के लिए सक्षम एजेंसी है। मार्केट रेग्यूलेटर ने अडानी हिंडनबर्ग मामले में 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है और अभी भी 2 मामलों की जांच बची है। सुप्रीम कोर्ट ने बाकी बचे दोनों मामलों की जांच पूरी करने के लिए सेबी को तीन महीने की मोहलत दी है। इससे पहले बीते 24 नवंबर को इस मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने मार्केट रेग्यूलेटर सेबी की जांच और एक्सपर्ट्स कमेटी पर उठाए जा रहे सवालों को नकारते हुए अपना फैसला सुरक्षित रखा था। एसआईटी के गठन को लेकर कोर्ट ने कहा है कि हम सेबी को दिए गए समय में अपनी पूरी जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दे रहे हैं। अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूर्ण जस्टिस, जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने बुधवार को फैसला सुनाया है।



## भोपाल में हुई बूंदाबांदी, भिण्ड में गिरे ओले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कई जिलों में कोहरे बूंदाबांदी व ठंड का दौर है भोपाल से आज सुबह 10 बजे तक घना कोहरा रहा और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई वहीं भिण्ड में लगातार पांच दिनों तक छाए बादलों के बीच आज बारिश के साथ-साथ ओले गिरे। भिंड के मिहोना में बूंदाबांदी के साथ बादल थमे रहे। दबोह में हल्के-हल्के ओले भी गिरे हैं। भिण्ड में पिछले कई दिनों से बादलों का डेरा बना हुआ है। सर्द हवाएं लोगों को ठिठुरा रही थी। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण छाए बादलों के बीच लहार तहसील में बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि लहार की सड़कों पर पानी जमा हो गया। मौसम विभाग ने 15 जनवरी तक तेज ठंड का अनुमान जताया।

### ट्रक ड्राइवर प्रदर्शन का मामला

# राहुल ने कहा-फरमान व न्याय के बीच का फर्क भूली सरकार

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

ट्रक डायवरों की परेशानी समझने कई बार ट्रकों में यात्रा कर चुके कांग्रेस ने राहुल गांधी ने हिट एंड रन से जुड़े क़ानून के ख़िलाफ़ प्रदर्शन कर रहे बस और ट्रक ड्राइवरों का समर्थन किया है। उन्होंने सरकार के आदेश को शाही फ़रमान क़रार दिया है और कहा है कि बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की ज़िद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। 146 सांसदों के निलंबन का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि 'जब 150 सांसद निलंबित थे तब संसद में शहंशाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवर्स के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र को चाबुक से चलाने वाली सरकार 'शहंशाह के फरमान' और 'न्याय' के बीच का फर्क भूल चुकी है। सीमित कमाई वाले इस मेहनती वर्ग को कठोर कानूनी भट्टी में झोंकना उनकी जीवनी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है और वसूली तंत्र' को बढ़ावा दे सकता है।'



### हड़ताल के पहले तक ग्वालियर में 400 तक पहुंच रहा था इंडेक्स

# आफत के बीच राहत, हड़ताल का अच्छा असर! कम हुआ वायु प्रदूषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हड़ताल के कई बुरे असर के बीच एक अच्छा असर यह भी है कि प्रदेश के कई जिलों में वायु प्रदूषण का स्तर कम हुआ है। ग्वालियर में हड़ताल के पहले तक एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंच रहा था जो कि घटकर 300 से भी नीचे आ गया है। यह स्थिति प्रदेश के दूसरे शहरों की है।

वायु प्रदूषण मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि धुआं वायु प्रदूषण की मुख्य वजहों में से एक है, जिसका मुख्य स्त्रोत वाहन है। शहरों में शाम से लेकर रात तक वाहनों का दबाव बहुत अधिक हो गया है। इनके द्वारा छोड़े गए धुएं में कई तरह के हानिकाकर कण होते हैं जो वातावरण में फैल जाते हैं और हवा को प्रदूषित करते हैं। चूंकि ठंड के समय में नमी के कारण ये कण भारी हो जाते हैं इसलिए इनका फैलाव जमीन की सतह के आसपास ही रहता है। शुष्क दिवसों में ये उपरी वातावरण में चले जाते हैं इसलिए वायु प्रदूषण रिकार्ड में नहीं आ पाता।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, सिंगरौली समेत लगभग सभी शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बताने वाला एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के नीचे था, जो कि बीते सप्ताह 400 तक पहुंच रहा था। इन शहरों में धुएं और धूल का स्तर बढ़ गया था। लोगों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन हड़ताल के कारण वाहनों के पहिये थम गए तो धुएं का स्तर कम हुआ है।



**मेट्रो एंकर**

### प्रधानमंत्री से अनुरोध अयोध्या के राम मंदिर में कहीं सीता को भी जगह दें...

# सीता ने कहा-रामजी को अकेला मत रखिए

**मुबंई, एजेंसी।**

रामानंद सागर के बहुचर्चित टीवी धारावाहिक रामायण में सीता के किरदार को अमर कर देने वालीं दीपिका चिखलिया अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन में बतौर स्पेशल गेस्ट शिरकत करने वाली हैं, राम से उनके प्यार और इस दिन की तैयारी के बारे में दीपिका कहा है कि 'यह मेरे लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। यह आने वाले जनरेशन के लिए बहुत मायने रखेगा, क्योंकि 500 साल बाद राम वापस अयोध्या अपने घर में आ रहे है, लोग जानते हैं कि मैं राममयी रही हूं।'

हालांकि दीपिका को इस बात का दुख है कि राम के साथ सीताजी की मूर्ति नहीं है। यह दुख जाहिर करते हुए दीपिका कहती हैं, मुझे हमेशा लगा था कि रामजी के बगल में सीताजी की मूर्ति होगी। हालांकि यहां ऐसा नहीं है, जिसका मुझे अफसोस है। मैं प्राइम मिनिस्टर को रिक्वेस्ट करना चाहती हूं कि वो आयोध्या में राम के साथ सीताजी की मूर्ति को भी विराजमान करें। कहीं न कहीं उन्हें जगह दें, हालांकि वे कहती हैं कि वहां जरूर कोई तो जगह होगी कि जहां राम और सीता विराजमान हो सकते हैं। इसीलिये मैं दरख्वास्त करती हूं कि रामजी को अकेला मत रखिएगा। मैं मानती हूं कि आयोध्या में उनका बालस्वरूप है। बहुत सुंदर स्वरूप है, प्रभावशाली है। मुझे क्या बल्कि सभी महिलाओं को बहुत खुशी होगी अगर रामजी के साथ सीता मां को भी रखा जाए।





### आरएसएस आफिस से आया कॉल

इनविटेशन मिलने पर दीपिका ने एक टीवी चैनल से कहा है कि 'मैं बिलकुल भी इस इनविटेशन को लेकर तैयार नहीं थी. मैंने तो उम्मीद ही नहीं की थी। जब मुझे आरएसएस के ऑफिस से कॉल आया, तो उन्होंने कहा कि आप हमारे लिए सीताजी हैं, पूरी दुनिया आपको इसी नाम से जानती हैं। आपका होना वहां बहुत जरूरी है। इसलिए आप हमारा इनविटेशन स्वीकार करें। हालांकि उस वक्त मैं इतनी खुश हो गई थी कि मेरे मुंह से निकल गया कि आप भी मुझे सीता मानते हैं, तो वे कहने लगे, इसमें कोई शक नहीं है।'

# प्राइवेट स्कूल खुले, सरकारी में 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश



## बच्चों को लेने पहुंची स्कूली बसें, अभिभावकों ने ली राहत की सांस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हिट एंड रन कानून के विरोध में चल रही हड़ताल के समर्थन में स्कूल बस ड्राइवरों के आने के बाद गड़बड़ाई स्कूली बसों के संचालन व्यवस्था बुधवार से पटरी पर आ गई है। इसके साथ ही अभिभावकों और स्कूल संचालकों ने राहत की सांस ली है। बुधवार सुबह से ही सड़कों पर स्कूली बसें दौड़ती नजर आई और अपने निर्धारित समय पर बच्चों को लेने पहुंची। हालांकि मंगलवार देर रात तक स्कूली बसों के संचालन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। ऐसे में अभिभावक परेशान हुए और स्कूल प्रबंधन को फोन करते रहे। स्कूल संचालकों की ओर से बसों की संचालक की बात कही गई। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित सरकारी स्कूलों और कुछ निजी स्कूलों में 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश पहले से ही जारी हैं।



**पहले दिन परेशान हुए अभिभावक, खुद बच्चों को लेकर पहुंचे थे स्कूल:** उल्लेखनीय है कि मंगलवार को ड्राइवरों की हड़ताल का असर स्कूली व्यवस्था पर नजर आया। अधिकतर स्कूलों में छुटटी रही। हालांकि शहर के कुछ स्कूल खुले, लेकिन अभिभावक सुबह से परेशान होते नजर आए और बच्चों को छोड़ने स्कूल पहुंचे। कुछ जगहों पर बच्चे बस स्टॉप पर खड़े रहे। परिजनों ने कंडक्टर-ड्राइवर को फोन करके कंफर्म किया। इसके बाद वे घर लौट आए थे। स्कूलों में बसें और स्कूली वैन खड़ी रही।

### जानलेवा ठंड में निराश्रित और बेघर लोगों की मुसीबत, ननि बेपरवाह

# वार्डों में अलाव के लिए नहीं पहुंच रही लकड़ी बेघर-गरीबों की फजीहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में तीखी ठंड व बूंदाबांदी में निराश्रित और बेघर लोगों के लिए मुसीबतें भी बढ गई है। शहर में सुबह से घने कोहरे व शीतलहर के प्रकोप में गरीब बेसहारा व फुटपाथ पर गुजर करने वालों के लिये नगर निगम की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। नगर निगम के दावों के बावजूद स्थिति ठीक नहीं है। इस बार वार्डों में अलाव के लिए लकड़ी तक भी नहीं भेजी जा रही है। आलम यह है कि रात में ही नहीं इस वक्त तो दिन में भी अलाव की जरूरत है। मगर फिलहाल रैन बसेरों में ही सिर्फ अलाव जल रहे हैं, लेकिन भोपाल नगर निगम की ओर से हर साल लोगों को रैन बसेरों तक ले जाने के लिए जो गाड़ियां चलाई जाती थीं, वो फिलहाल सड़कों नजर नहीं आ रही हैं। इधर नेता प्रतिपक्ष एड. शबिस्ता आसिफ़ जकी ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि भोपाल नगर निगम सीमा क्षेत्र में अत्यधिक कड़ाके की ठंड को देखते हुए शहर के विभिन्न चौराहों व वार्डों में अलाव जलाना जरूरी है। ताकि बुजुर्ग एवं युवा इस भीषण क?ाके की डंड से बच सकें, लेकिन भोपाल नगर निगम द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। उन्होने कहा है कि भोपाल नगर निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न चौराहों व वार्डों में अलाव की व्यवस्था की जाए। इधर मामले को लेकर नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल चर्चा के लिये उपलब्ध नहीं हो सके। इधर नये शहर के पार्षद योगेंद्र चौहान ने नगर निगम की इस लापरवाही की तीखी निंदा की है।



### लापरवाही भारी पड़ सकती है

नगर निगम द्वारा राजधानी में 17 रैन बसेरे बनाए गए हैं, लेकिन इसके इसके प्रचार-प्रसार के अभाव में जरूरतमंद लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में भोपाल में सडक किनारे सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथ पर सोने वालों को भारी परेशानी है। जानकारी के अभाव में लोग रैनबसरों का लाभ नहीं उठा पाते हैं। सिस्टम की लापरवाही ऐसे में किसी दिन भारी पड़ सकती है।

### 17 स्थानों पर रैन बसेरे बनाए

राजधानी भोपाल में 17 स्थानों पर रैन बसेरे बनाए गए हैं. जिनमें यादगारे शाहजानी पार्क के पास-2 रैन बसेरे, पुराने सुल्तानिया अस्पताल में अंदर एक, हमीदिया अस्पताल परिसर दो रैन बसेरा, जवाहरलाल नेहरु कैंसर अस्पताल ईदगाह हिल्स एक, टीबी अस्पताल ईदगाह हिल्स पर एक, न्यू मार्केट में एक, डीआईजी बंगला रैन बसेरा एक, पुतलीघर बस स्टैंड पर एक, नादरा बस स्टैंड पर एक, हलालपुरा बस स्टैंड पर एक, एमपी नगर जोन दो में एक, आइएसबीटी स्टैंड पर एक, ट्रांसपोर्ट नगर कोकता पर एक,भोपाल रेलवे स्टेशन चांदबड़ पर एक है।

# लापरवाही : 6 माह बाद भी दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों का हॉस्टल बंद



### अधिकारी अब तक छात्रावास में स्टाफ की व्यवस्था नहीं कर सके, जिला प्रशासन को भेजी फाइल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 6 माह बाद भी राजधानी के शाहजहांनाबाद के परी बाजार के सामने स्थित शा. दृष्टि एवं श्रवण बाधित उमा विद्यालय का हॉस्टल शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की लापरवाही का खामियाजा यहां के 60 से अधिक दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों को भुगत रहे है। जो पढ़ाई इन विद्यार्थियों की सभी सुविधाओं के साथ इस हॉस्टल में रहकर हो सकती थी, वह नहीं हो सकी। इन विद्यार्थियों कक्षा दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थी भी शामिल हैं। जो फरवरी में होने वाली माशिमं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। इधर विभागीय अधिकारी जनवरी के पहले सप्ताह में इस छात्रावास को शुरू करने की बात कह रहे हैं।

### यह है पूरा मामला

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा शाहजहांनाबाद के परी बाजार के सामने तैयार स्पर्श भवन में दो स्कूल एवं इनके छात्रावास संचालित किए जाते हैं। इनमें भोपाल संभाग के जिलों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाते हैं। एक शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है और दूसरा शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओं का आवासीय विद्यालय है। जानकारी के अनुसार, दोनों स्कूलों के लिए 100-100 सीटों के अलग-अलग छात्रावास हैं। दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उ मा विद्यालय में करीब 250 बच्चे दर्ज हैं और करीब 60 बच्चे छात्रावास में रहना चाहते हैं, लेकिन हॉस्टल बंद है। हालांकि स्कूल संचालित किया जा रहा है। वहीं शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओं के आवासीय विद्यालय में करीब 52 बच्चे दर्ज हैं और 22 हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

### इनका कहना

नए साल की शुरूआत के साथ ही जल्द छात्रावास भी शुरू हो जाएगा। छात्रावास में स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है। **आर के सिंह,** जेडी, भोपाल संभाग सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग

### फाइल भेजी गई है

जिला प्रशासन को फाइल भेजी गई है। जैसी ही वहां से अनुमति मिल जाएगी, उसके बाद जल्द ही स्टाफ की ज्वाइनिंग के साथ छात्रावास शुरू हो जाएगा। **प्रभा सोमवंशी,** अधीक्षिका

## अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा संतनगर में निकलेगी शोभा यात्रा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर में 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के दिन भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति की बैठकों का दौर शुरू हो गया है।

श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा शोभा यात्रा प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें मोहन लालवानी, दिनेश वाधवानी, गुलाब जेठानी, नरेश तोलानी, बसंत चेलानी, नरेन्द्र लालवानी, भरत आसवानी, राकेश हरपलानी और सोनू रायचंदानी उपस्थित रहे।

बैठक में कमल प्रेमचंदानी ने शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विचार रखे। तय किया गया कि डीजे, रथ, ताशे, रोशनी की व्यवस्थाएं भरत आसवानी द्वारा की जाएगी। आतिशबाजी मोहन लालवानी देखेंगे। झण्डे की व्यवस्थाएं बसंत चेलानी और नरेंद्र लालवानी देखेंगे, व्यवस्थाओं पर आने वाला खर्च सभी आपस में करें। अगली बैठक शुक्रवार को राकेश हरपलानी के प्रतिष्ठान पर ही दोपहर 12.00 बजे होगी। सभी से शोभा यात्रा में शामिल होने का आव्हान किया गया है।

## नववर्ष का स्वागत हनुमान चालीसा के साथ पढ़ाई



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारम्भ किया था। मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संस्था के सचिव बसंत चेलानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, समाजसेवी माधव पारदासानी एवं पार्थ पारदासानी बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर चेलानी ने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से भगवान राम भी खुश होते है कहा भी जाता है कि ''जहाँ राम जी नाम वहाँ हनुमान जी का धाम''। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्चा मृदुला गौतम, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** संत सिद्धभाऊजी की अपील.. पांच-पांच दीये जलाकर प्रतिमा स्थापना के दिन मनाए दीपोत्सव

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव, संतनगर 22 को रामधुन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाएगा। संतनगरवासी अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की स्थापना की खुशी रामनाम की रट लगाकर व्यक्त करेंगे। 22 जनवरी 2024 को संत सिद्धभाऊजी की प्रेरणा 24 घंटे रामुधनी लगाई लजजाएगी। रामधुन आयोजन समिति के वरिष्ठ सेवादार टी.डी. आडवानी और अनिल चोटरानी ने बताया है कि नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर संत हिरदाराम नगर में 22 जनवरी 2024 को 24 घण्टे की अखण्ड रामधुन का आयोजन किया जायेगा ।



### पांच-पांच दीप प्रज्ज्वलित करें

संत सिद्धभाऊ ने कहा है कि रामधुन से भारतीय समाज में आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है । मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन वृत्त ही समाज को आदर्श जीवन और तप त्याग के साथ जीने की प्रेरणा देता है। सा? पांच सौ वर्षो के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि स्थल पर प्रभु श्री राम की भव्य और दिव्य प्रतिमा की स्थापना समूचे विश्व के रामानुरागी समाज को गौरवान्वित करती है। सिद्ध भाऊजी ने संत नगर वासियों से अपील की है कि वे 22 जनवरी 2024 को इस पुनीत अवसर पर अपने अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पांच-पांच दीपक प्रज्ज्वलित करें और उस दिन को दीवाली की तरह मनाएं । सिद्ध भाऊ ने कहा है कि प्रभु श्रीराम के नाम से जलाए गये दीपक हम सबके जीवन में आध्यात्मिक चेतना का विकास करने में सहायक होंगे ।

**कहां होगा आयोजन:** रामधुन साधु वासवानी स्कूल परिसर में आयोजित होगी। सुबह नौ से संध्या छह बजे तक माताएं और बहनें तथा शाम 6 से अगले दिन सुबह 9 बजे तक पुरूष श्रद्धालुजन रामधुनी लगायेंगे । रामधुन का आयोजन अखण्ड रामधुनी समिति द्वारा किया जायेगा । बता दे संत स्वामी हिरदाराम साहिबजी ने वर्ष 1964 से संतनगर में सात दिवसीय अखण्ड रामधुनी का आयोजन शुरू किया था, तब से हर साल रामधुनी लगाई जाती है।

## कुटिया पर पीले अक्षत देकर निमंत्रण दिया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या राम जन्मभूमि में होने वाले 22 जनवरी को श्रीरामजी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संत हिरदाराम साहिब जी की कुटिया पर पीले अक्षत देकर राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री भूपेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा है। उसको लेकर घर घर जाकर पीले अक्षत देकर निमंत्रण दे रहे है। घर, मंदिर, देवालयों में दीपावली की तरह साज सज्जा, आतिशबाजी, सुंदरकांड, रामचरित मानस का पाठ होगा। घरों मे रंगोली बनाकर दीपावली की तरह अपने घर एवं धार्मिक स्थानों पर सजावट होगी। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विश्व हिन्दू परिषद प्रांत अधिकारी विशाल पुरोहित, आचार्य पं रवि पटेरिया, विहिप संत जिला मंत्री भूपेन्द्र सिंह गुर्जर थे।



वीरांगना रानी दुर्गावती का 500 वां जन्मशताब्दी वर्ष
विरासत का सम्मान
हर वर्ग का उत्थान
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
शौर्य और पराक्रम की प्रतिमूर्ति
वीरांगना रानी दुर्गावती एवं रानी अवंतीबाई लोधी
के सम्मान में
संस्कारधानी जबलपुर में
मध्यप्रदेश की नवगठित सरकार की
प्रथम कैबिनेट बैठक
एवं
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
विकास कार्यों का
भूमिपूजन व लोकार्पण
3 जनवरी, 2024
अपराह्न 3:00 बजे । गैरीसन ग्राउंड
प्रदेश का हर क्षेत्र सम्पूर्ण रूप से विकसित हो और विकास का लाभ समाज के अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित हो, मध्यप्रदेश इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D11160/23
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन

## सुविचार

''जब जेब में रूपये हो तो दुनिया आपकी औकात देखती है, और जब जेब में रूपये न हो तो दुनिया अपनी औकात दिखाती है!''

– अज्ञात

l ikndh;

# एआई उपयोग पर नजर जरूरी

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस यानि एआई इस वक्त तकनीकी क्रांति का सबसे चर्चित अविष्कार है। यह दुनिया में लोगों को कौतुहल तो पैदा कर रहा है लेकिन इसके दुरूपयोग की व्यापक संभावना ने इसे खतरनाक भी बना दिया है। किसी की छवि खराब करने से लेकर उसे सताने तक की आशंका इस तकनीकी के उपयोग से पैदा हो रही हैं। उम्मीदों और आशंकाओं का ग्राफ जिस तेजी से चढ़ता जा रहा है, उससे साफ है कि अपने देश में भी इसके लिए अलग से एक सिस्टम को खड़ा किया जाए, जो इसके उपयोग पर फैसला ले और दुरूपयोग पर प्रभावी कदम उठाये। कहा तो यह भी जाने लगा है तथा जरूरी भी लगता है कि एक मंत्रालय गठित कर दिया जाना चाहिये। ताकि इसके अलग-अलग पहलुओं की पड़ताल करते हुए इस जरूरत की अहमियत को बेहतर ढंग से महसूस किया जा सके। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में एआई का बढ़ता दखल इस बात का सबूत है कि लोग इससे अच्छे-बुरे ढंग से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में इसको जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। ध्यान रखने की बात यह है कि इस दिशा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के प्रयास आम लोगों की आकांक्षाओं और आशंकाओं के अनुरूप होने चाहिए। एक स्वतंत्र और समर्पित मंत्रालय नए बनते कानूनों की कमियां दूर करते हुए इस प्रक्रिया को आसान बना सकता है।  एक अहम पहलू सामरिक क्षेत्रों में एआई इस्तेमाल का है। दूसरे देशों या नॉन स्टेट ऐक्टरों की अवांछित गतिविधियों से बचाव का काम सरकार के ही निर्देशन में चल सकता है। अलग मंत्रालय से न केवल इस कार्य को ज्यादा तवज्जो मिल सकेगी बल्कि इससे टेक्नॉलजी के विकास के अनुकूल माहौल बनाने में भी मदद मिलेगी। इसी से भविष्य में जेनरेटिव एआई से भी ज्यादा ताकतवर तकनीक की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।  तकनीक के नए चरण का विकास कितना नाजुक मसला है, यह यूएई के एआई मामलों के मंत्री उमर अल ओलामा की बातों से साफ होता है। वह बताते हैं कि कैसे टेक्नॉलजी से डर और प्रिंटिंग प्रेस के ओवर रेग्युलेशन ने पश्चिम एशिया को करीब 200 वर्षों तक इस फील्ड में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से दूर रखा। यह बात भी है कि एआई का गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल कई तरह के खतरों को जन्म दे रहा है, जो आखिरकार इसकी ग्रोथ की रफ्तार को भी प्रभावित करेगा। दरअसल  टेक्नॉलजी डिवेलपर्स हों या उनके क्लाइंट्स, इन दोनों का आचरण नैतिक बना रहे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की ही होती है। अभी एआई को लेकर सरकार के रेस्पॉन्स की अगुआई नीति आयोग कर रहा है। चाहे नई टेक्नॉलजी को टेस्ट करने की बात हो या उसके लिए अनुकूल इकोसिस्टम बनाने की, दोनों काम उसी के जिम्मे हैं। लेकिन ये दोनों काम बेहतर ढंग से अंजाम दिए जा सकते हैं अगर एक स्वतंत्र मंत्रालय के सुपुर्द कर दिए जाएं, जहां न केवल एक निश्चित बजट होगा बल्कि ज्यादा लोग भी जुड़े होंगे। समझना होगा कि भारत जैसी बड़ी इकॉनमी वाले देश में इसके लिए एक निर्धारित रास्ता सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को अंजाम देने वाली संरचना जितनी जल्दी बना दी जाए, भविष्य के दुष्परिणामों को रोकना उतना आसान होगा। सार्वजननिक जीवन में काम करने वाले लोगों के लिये भी यह जरूरी है कि तकनीक का फायदा लोगों को मिल सके,बजाए नुकसान के।

## निशाना

### दोषारोपण करना है !



– कृष्णेन्द्र राय

ना पड़ेगा फर्क ।  
लाख दो सुझाव ।।  
दोषारोपण करना है ।  
ना आया ठहराव ।।  
निकले आज बाहर ।  
ऐसा ही बयान ।।  
नासमझ हैं जितने ।  
दिया उनको ज्ञान ।।  
किया कितना काम ।  
इसको नहीं बताया ।।  
अब तक वहां राहत ।  
है कितने को पहुंचाया ।।  
खोखले जो दावे ।  
कैसे ऐतबार ?  
फिर भी जनता आम ।  
है बैठी तैयार ।।

## आज का इतिहास

- **2012** - फिलीपींस में 'भूफा' तूफान से कम से कम 475 लोगों की मौत।
- **2008** - मुंबई में हुई 23 नवंबर की आतंकवादी घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री विलासराव देशमुख ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।
- **2004** - पुर्तग़ाल के सर्वोच्च न्यायालय में मोनिका की अर्जी खारिज। ईराक में पुलिस थानों पर हुए हमले में 30 लोगों की मौत।
- **भारत** और पाकिस्तान 40 वर्षों के बाद मुनाबाव और खोखरापार के बीच रेल संपर्क फिर से बहाल करने के लिए सहमत हुए।
- **2002** - यूएनईपी ने भारत समेत सात उष्णकटिबंधीय देशों में जैव विविधता के अध्ययन के लिए 2 करोड़ 60 लाख डालर जारी किया।
- **2001** - गाजा पर इस्रायल के हमले में यासर अराफात के हैलीकॉप्टर नष्ट।
- **2000** - विसिट फ़ॉक्स मैक्सिको के नये राष्ट्रपति निर्वाचित, आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट मैच में हराकर लगातार 12 टेस्ट मैच जीतने का रिकार्ड बनाया।
- **1999** - विश्व प्रसिद्ध गिटार वादक चार्ली ली बर्ड का निधन, चेचेन्या के छापामारों ने 250 रूसी सैनिकों को मार गिराया।
- **1994** - ताइवान में पहला स्वतंत्र स्थानीय चुनाव सम्पन्न।
- **1989** - रूस के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्वाच्योव और अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने शीत युद्ध खत्म होने की घोषणा की।

# देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए जरूरी है पुलिस सुधार

**शिवदान सिंह**

ब्रिटिश कालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन संशोधन विधेयकों को राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है। तीनों नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों द्वारा दूर कर दिया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस ऐक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती।

वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन होती है और प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं द्वारा जनता के वोट लेने होते हैं। नतीजतन सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे पर पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में, नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे। देश की बाहरी सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी सेना की है और आंतरिक सुरक्षा पुलिस संभालती है। सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही।

पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगा दिया था, जिसके तहत पुलिस ने पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद कर दिया। आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें पर 1996 तक केंद्र सरकार ने पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। तब डीजीपी रहे पुलिस अधिकारी प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय



सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती।

जाहिर है कि आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए। तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित आपराधिक कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर निर्भर है।

**–लेखक सेवानिवृत्त कर्नल हैं। यह उनके अपने विचार हैं।**

# प्राथमिकता से हो खाद्य मुद्रास्फीति का नियंत्रण

**सुबीर रॉय**

अब जबकि अगले साल आम चुनाव होने को हैं तो हम राजनीतिक मंतव्य से प्रेरित आर्थिक नीतियां देखने को तैयार रहें, यहां तक कि सामान्य से कहीं अलहदा। सरकार ने पहले ही संकेत दे दिया है कि आगामी केंद्रीय बजट में कुछ नया शामिल करने का इरादा नहीं है। लिहाजा जो भी सरकार सत्ता में आएगी, उसकी नई नीतियां बनने तक मौजूदा यथास्थिति बनी रहेगी।क बार नई सरकार अपनी जगह बैठ गई तो ध्यान का केंद्र चुनाव प्रचार अवधि के दौरान मुफ्त की रेवड़ियों के वादे की एवज में जन-आकांक्षाओं को पहुंचे नुकसान की भरपाई करने पर होगा। इसलिए, जायजा लिया जाए तो चुनाव उपरांत ही वित्तीय लेखा-जोखा दुरुस्त करके, उत्तरदायी सामान्य प्रशासन बनाकर, आर्थिक नीतियों को स्वरूप मिल पाएगा। अतएव, अप्रैल माह तक माहौल मौज-मस्ती का रहेगा और जून के बाद 'गंभीरता से काम पर पुनः लगने' वाला चरण शुरू होगा।

जैसे-जैसे नया साल आगे बढ़ेगा, यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रही लड़ाई जारी रहने और इससे वैश्विक व्यापार में आगे भी अस्थिरता बनी रहेगी। हालांकि, उम्मीद जगाती खबरों की मानें तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब शांति वार्ता को राजी हैं और शायद प्रयास फलदायक रहें। लेकिन पूरी संभावना है कि रूस कब्जाए इलाके के कुछ हिस्से अपने पास रखना चाहेगाङ्क जिस पर शायद वोल्दोमीर जेलेंस्की के नेतृत्व वाले यूक्रेन की प्रतिक्रिया यह होगी 'यह हमारी लाशों पर संभव है'। इसलिए, अब समझदारी यही अंदाज़ा लगाने में है कि लड़ाई जारी रहेगी। वहीं इस्राइल-हमास के बीच भी जंग खत्म होने के आसार फिलहाल क्षीण लगते हैं। लिहाजा हमें, जारी युद्ध प्रभावित वैश्विक व्यापार और वैश्वीकरण को क्षति भरा एक और साल बिताने की तैयारी करने की जरूरत है। इसके अलावा, एक अन्य खतरा तेजी से उभर रहा है, यमन के हुती विद्रोही लाल सागर से गुजरने वाले समुद्री जहाज़ों को निशाना बना रहे हैं, जिससे उन्हें अफ्रीका वाला लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है। नतीजतन न केवल अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों तक माल पहुंचाने के समय में बल्कि ढुलाई खर्च में भी इजाफा हो रहा है। पूरी संभावना है कि वैश्विक समुद्री आवाजाही में विघ्न से भारतीय आयात (विशेषकर तेल जैसी आवश्यक वस्तु) एवं निर्यात पर नए सिरे से वित्तीय बोझ पड़ेगा। इन परिस्थितियों के तहत, नई सरकार को 'बंद अर्थव्यवस्था' (आयात-निर्यात रहित) चलाने की योजना पर सोचना होगा, अलबत्ता, इससे उच्च आर्थिक दर पाने की हमारी आकांक्षा को धक्का लगेगा। इन सबके साथ, अगले साल की आर्थिक नीति को पर्यावरणीय परिवर्तनों के परिणामवश अतिशयी मौसमीय घटनाओं का सामना करने को योजना तैयार रखनी होगी। अतएव, यही वक्त है जब केंद्र सरकार चेन्नई और हैदराबाद में आई अचानक बाढ़ सरीखे ऊंचे दर्जे की प्राकृतिक मार झेलने वाले राज्यों की शीघ्रातिशीघ्र मदद के वास्ते एक विशेष फंड बनाए। किसी सूबे को बाढ़ या सूखे का सामना करने पर, आर्थिकी को बहुत नुकसान झेलना पड़ता है और सहायतार्थ केंद्र सरकार से लगातार गुहार लगानी पड़ती है। इस पर आकलन और प्रतिक्रिया करने में केंद्र सरकार को समय लगता है। लिहाजा अतिशयी मौसमी घटनाओं के लिए बना विशेष सहायता-फंड बीमा पॉलिसी सरीखा होगा, जिसे पाने की नियम और शर्तें पूर्वनिर्धारित हों ताकि पावती में कीमती वक्त और स्रोत खराब न होने पाए।इन तमाम नकारात्मकताओं के बीच, अच्छी खबर यह है कि नया साल 2023 की सकारात्मक आर्थिक विरासत के साथ शुरू होगा। भारत की आर्थिक विकास दर 6.5 प्रतिशत या उससे अधिक रहने की उम्मीद है, मुद्रास्फीति कुल मिलाकर काबू में है, विदेशी मुद्रा भंडार काफी ऊंचा है और मुद्रा-विनिमय दर स्थिर है। बहुस्तरीय एंजेसियों और वैश्विक विशेषकों का कहना है कि विश्व की मुख्य आर्थिक शक्तियों में भारत सबसे ज्यादा तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। व्यापारिक मोर्चे पर, वस्तु निर्यात की कारगुजारी आगे भी अनुमान के अनुरूप कमज़ोर बनी रहेंगी लेकिन आयातङ्कनिर्यात संतुलन में अंतर की क्षतिपूर्ति सेवा निर्यात (विशेषकर सॉफ्टवेयर का), भारतीय आप्रवासियों से भेजे जाने वाले धन और विदेशी पूंजी प्रवाह से हो सकेगी। फिलहाल, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अगले लगभग 18 महीनों तक आयात करने के बराबर है। यह स्थिति पड़ोसी मुल्कों पाकिस्तान और श्रीलंका के मुकाबले कहीं बेहतर है।



आइए अब मुद्रास्फीति के मुख्य कारकों पर निगाह डालें। यह 5.5 फीसदी के साथ नियंत्रण में है, जो कि वहनीय स्तर यानी 6 प्रतिशत से कुछ ही नीचे है। लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति (8.7 फीसदी) उच्च बनी हुई है, जो कि देश के गरीब तबके के लिए बुरी खबर है और उनमें अधिकांश पहले ही अतिरिक्त बोझ सहने लायक नहीं बचे, तिस पर बाढ़ अथवा सूखे से खेती प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है। देश की लगभग आधी आबादी (47 फीसदी) का व्यवसाय कृषि है और इसकी आय का लगभग आधा (54 फीसदी) पेट भरने के इंतजाम में खप जाता है। इस स्थिति का आदर्श हल कृषि उत्पादन में वृद्धि करना है ताकि उतनी फसल कम हाथों के इस्तेमाल से उग पाए, जिससे कि उनकी आय में बढ़ोतरी हो। कार्यबल में महिलाओं की गिनती बढ़ानी चाहिए ताकि वे बच्चे पालने और घर संभालने के काम से इतर रोजगार में लगें, जिससे उनकी आय बढ़े, जबकि छोटे ग्रामीण परिवारों में घर-गृहस्थी की देखभाल करने वाली औरतों को अपने इस काम के बदले कोई औपचारिक कमाई नहीं होती। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार कुल कार्यबल में मर्दों का अंश 74 प्रतिशत है, जो कि महिलाओं के 24 फीसदी से तिगुणा है। यदि देश में कृषि के लिए हाथों की जरूरत कम करनी है तो इसके लिए उत्पादन और सेवा क्षेत्र में अधिक नौकरियां पैदा करनी पड़ेंगी। उच्च कृषि उत्पादन सदका ग्रामीण आय में बढ़ोतरी होने से ग्रामीण अंचल के लोग अधिक उपभोक्ता वस्तुएं जैसे कि दोपहिया वाहन, टीवी सेट और मोबाइल फोन इत्यादि खरीद पाएंगे, जिससे संलग्न सेवा क्षेत्र में भी ज्यादा मांग पैदा होगी। इस प्राप्ति से ग्रामीण सेवा क्षेत्र में अपने-आप ज्यादा रोजगार अवसर पैदा होंगे।

जहां तक उत्पादन क्षेत्र में नौकरियों की बात है, तेज आर्थिक वृद्धि के साथ उनकी गिनती भी बढ़ेगी, लेकिन इस प्रक्रिया में सहायता तभी मिल पाएगी जब तमाम किस्म के धंधेङ्क चाहे लघु एवं सूक्ष्म स्तर के हों या कॉर्पोरेट्स स्तर केङ्क उन्हें खोलने-चलाने की प्रक्रिया का सरलीकरण हो। साथ ही, कारोबार के लिए वाजिब ब्याज दर पर पूंजी उपलब्ध हो ताकि कारोबारी अपना दायरा बढ़ाने लायक बन पाए (इसके लिए अधिक कार्यकारी पूंजी चाहिए होती है) और नया पूंजीगत निवेश कर पाएं। वहनयोग्य दर पर पूंजी तक पहुंच सुनिश्चित करने को, वास्तविक ब्याज दर को नीचा रखना आवश्यक है (मुद्रास्फीति घटाने के बाद मामूली दर)। इस ध्येय की पूर्ति मुद्रास्फीति के असर को दूर रखकर पाई जा सकेगी और मौजूदा वर्ष के लिए इससे बड़ी चुनौती है खाद्य मुद्रास्फीति दर में कमी लाना। जो भी नई सरकार आएगी, उसके समक्ष दो आर्थिक काम करने को होंगे, एक है कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी और दूसरा, आय सहित रोजगार में महिलाओं के लिए अवसरों में इजाफा करवाना। हालांकि, यह दोनों काम देश की दीर्घ-कालीन कार्यसूची का अंग हैं परंतु मौजूदा साल के लिए, यथेष्ट योजना के साथ इन पर फौरी काम शुरू करने पर ध्यान देना होगा।

**–साभार :** लेखक आर्थिक मामलों के विश्लेषक हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

### आमजनों को अपनी समस्याओं को लेकर परेशान न होना पड़े : कलेक्टर

# जनसुनवाई में कहा- जनसमस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण करें



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में आमजनों को अपनी समस्याओं को लेकर परेशान न होना पड़े। जनसमस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया जाए। जनसुनवाई में आए आवेदनकर्ता की समस्या अगर वाजिब है तो उसका नियमानुसार तत्काल समाधान किया जाए। अपात्र होने की दशा में भी आवेदनकर्ता को सूचित करें। ताकि उन्हें जनसुनवाई में परेशान न होना पड़े। यह निर्देश नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर सुश्री मीना ने अधिकारियों के साथ 73 आवेदनों पर सुनवाई की और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में नर्मदापुरम निवासी कविता मेहरा ने अपने पति का इलाज, परिवार का भरण पोषण और बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता देने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नर्मदापुरम निवासी पूनम तिवारी ने जनसुनवाई में बताया कि वह गंभीर बीमारी से पीड़ित है।जिसके इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं है। उनका एक बेटा और एक बेटी है। वे अकेले ही परिवार का भरण पोषण करती है। बीमारी के कारण असमर्थ हो गई है। उन्होंने आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए।

तहसील डोलरिया के ग्राम बगवाड़ा निवासी सावित्री साहू ने जनसुनवाई में बताया उन्हे अभी तक फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हुई है जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने उपसंचालक कृषि एवं एलडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर सुश्री मीना ने जनसुनवाई में आए अन्य आवेदनों का भी निराकरण किया। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया कार्यालय सहित अन्य विभागों का निरीक्षण



कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री मीना ने कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट में स्थित योजना सांख्यिकी विभाग ,जनजातीय कार्य विभाग,अधीक्षक शाखा, लोकसेवा प्रबंधन,एनआईसी, ई गवर्नेंस, खनीज ,स्थापना शाखा,नाजिर शाखा,अपर कलेक्टर न्यायालय और स्टेनो कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को कार्यालयीन व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री एस एस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह के साथ नर्मदापुरम शहर के पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसीयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऑटोमेशन मशीन चेक कर पेट्रोल डीजल की उपलब्धता एवं सप्लाई की स्थिति देखी। उन्होंने पुलिस लाइन के पास पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप नर्मदापुरम, फौजदार पेट्रोल पंप, यूसुफ एंड संस पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर पेट्रोल डीजल के स्टॉक की जानकारी ली। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी की जिले में पेट्रोल डीजल की आपूर्ति निरंतर सुनिश्चित की जा रही है। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। कालाबाजारी की स्थिति भी निर्मित ना हो। नियमों को उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर प्रशासन आपके सहयोग के लिए तत्पर है। पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा बताया गया कि उनके पंप स्टेशन पर पेट्रोल डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति नहीं हैं। प्रशासन के सहयोग से निरंतर पेट्रोल डीजल की आपूर्ति हो रही है। पेट्रोल पंपों पर भी वितरण की स्थिति सामान्य है। किसी प्रकार की समस्या की स्थिति नहीं है। इसके बाद कलेक्टर एवं एसपी द्वारा गरिमा एक गैस एजेंसी का निरीक्षण कर गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति देखी। उन्होंने निर्देशित किया की सुचारू रूप से जिले में गैस सिलेंडर का वितरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे, एसडीओ ऑफिस पराग सैनी और सहायक आपूर्ति नियंत्रक उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रक ड्राइवर एवं पेट्रोल पंप संचालक एसोसिएशन के निरंतर संपर्क करें। इस संबंध में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त बैठक कर सभी को आवश्यक सेवाओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने की समझाइश दे।



# इंसान का इंसान से हो भाईचारा यही पैगाम हमारा...

### कार्यक्रम में सभी धर्म- संप्रदाय के प्रतिनिधियों ने लिया भाग



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

संपूर्ण मानव को एक ईश्वर की संतान मानकर जो लोग परमार्थ के काम में लगे रहते हैं. वे लोग धन्य होते हैं और उन्हीं को वास्तव में धार्मिक कहा जाता है। कुछ इन्हीं विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच के तत्वाधान में नववर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जीवन दायिनी पतित पावन नर्मदा के सानिध्य में बुधनी नगर के निकट समाज सेवी ओम प्रकाश मालवीय के अनुगूंज हाउस पर आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक के एस राजपूत सहित अध्यक्ष अरुण दीक्षित डॉक्टर सुरेंद्रजीत सिंह, मोहम्मद असलम भारतीय, के एन त्रिपाठी हेमंत शर्मा, भागचंद बरगले, ओमप्रकाश मालवीय, अकरम खान, फादर विलियम मसीही, रमेश सोनी, आशीष तिवारी, लखन रघुवंशी, किरण शर्मा रमन हेमलता नित्य गोपाल कटारे, विनोद दुबे, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अनिल मालवीय, अशोक दिवोलिया, उमाशंकर सहित कई समाज सेवी और गणमान्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक ओमप्रकाश मालवीय तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा आत्मा की अनुगूंज की अभिव्यक्ति से उपस्थित सभी समाजसेवियों को प्रेम पूर्वक भोजन ग्रहण कराया। इस अवसर पर अरुण दीक्षित द्वारा मानवता को रेखांकित करते हुए परमार्थ भाव से परिपूर्ण गीत÷ इंसान का इंसान से हो भाईचारा यही पैगाम हमारा प्रस्तुत कर उपस्थित जनों के हृदय को मानवता के रस से भिगोया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गले मिलकर नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं प्रेषित की और अगले वर्ष भी इसी तरह नव वर्ष के अवसर पर सामूहिक रूप से एकत्र होकर भाईचारे की भावना से नव वर्ष का स्वागत करने की बात कही।

## विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन 8 जनवरी तक

**सीहोर।** विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन की 8 जनवरी 2024 तक भरे जा सकते है। (शाम 5 बजे तक) परीक्षा प्रवेश-पत्र 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से डाउनलोड किये जा सकेंगे। परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियाँ, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के अलावा वे बच्चे,जिन्होंनेअपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद,उग्रवाद,कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in/MPTAAS के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरूद्ध चयन के लिए पात्र होंगे।विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा , विद्यालयों की सूची तथा रिक्त सीटों के विवरण संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: शिविर लगाकर हितग्राहियों को वितरित किए जा रहे योजनाओं के हितलाभ

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिले में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। इस दौरान संबंधी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बाडेर तथा डाबरइमलिया में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सतहरी तथा सिलारिकलां में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत उमरझिर तथा चुनेटिया में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत देहरीकलां, संखेडा, गौरामच्छवाई तथा गडरवास में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हिनोतिया तथा तारावली में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जुझारपुर तथा रसीदपुर में तथा बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फतहपुर खिरिया तथा ध्वाज में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्र्राम पंचायतों में पहुंचने पर आयोजित किए गए। शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शिविरों में विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गये। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जा रहे है। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जा रहे है। कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

### शैक्षणिक संस्थाओं में बसों में सुरक्षा मानकों का निर्धारण के लिए- कलेक्टर के निर्देश

## स्वच्छ अक्षरों में लिखें-स्कूल वाहन बस किराये की,स्कूल बस में निर्धारित सीटों से अधिक बच्चे नही बैठाएं:कलेक्टर

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले के सभी प्राचार्य एवं स्कूल संचालकों को निर्देश दिये है कि उच्च न्यायालय के निर्देश एवं सीबीएसई के निर्देश तथा केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन के लिए पुनः निर्देशित किया जाता है, कि स्कूल बसों में बच्चों के सुरक्षित परिवहन के लिए जारी गाईड लाईन्स का पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।



कलेक्टर द्वारा जारी गाईड लाईन्स के तहत सभी स्कूल बस का रंग पीला होना चाहिए, केन्द्रीय मोटरयान नियम के प्रावधान अनुसार बसों के आगे और पीछे बड़े व स्वच्छ अक्षरों में स्कूल बस लिखा जाये, यदि स्कूल बस किराये की है, तो उस पर आगे एवं पीछे विद्यालय सेवा में (ऑन स्कूल लिखा जाये, विद्यालय द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली किसी बस में निर्धारित सीटों से अधिक संख्या में बच्चे नही बैठाये जाये, प्रत्येक बस में अनिवार्य रूप से प्राथमिक चिकित्सा के लिए फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था की जाये। बसों की खिड़कियों में आड़ी पट्टियां (होरीजोन्टल ग्रिल) अनिवार्य रूप से लगाई जाये, प्रत्येक बस में अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था हो ।बस में स्कूल का नाम और टेलीफोन नंबर बड़े अक्षरों में अवश्य लिखा जाये, बस के वाहन चालक को भारी वाहन चलाने का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव होना चाहिये। केन्द्रीय मोटरयान नियम के प्रावधानों अनुसार बस में वाहन चालक के अतिरिक्त एक अन्य व्यस्क व्यक्ति भी हो, यदि बस में छात्रायें भी हो तो उस बस में महिला अध्यापक अथवा सहायिका की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, बच्चों के बस्ते रखने के लिये सीट के नीचे जगह होना चाहिये। बसों में दो दरवाजे प्रवेश एवं निर्गम हो तथा आपातकालीन खिड़की लगी होना चाहिये, बस में गतिनियंत्रक 40 किलोमीटर प्रतिघण्टा की स्पीड पर फिक्स किया हुआ हो,शैक्षणिक संस्थान बस परिवहन की श्रेणी, स्कूल बसों के लिए परमिट एवं फिटनेस आवश्यक, वाहनों का पीयूसी प्रमाण हो।

**मेट्रो एंकर**

### रोमांचक मुक़ाबले में 1 रन से जीती टिमरनी टीम

# आज मुकाबला रहेगा कलवाना इटारसी, रहटगाँव रेहटी शिवपुर जैसी नामी टीमों का



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

तहसील के ग्राम बिसोनी कला में आदर्श क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को अहम मुक़ाबले हुए जिसमें टिमरनी पापन तिरंगा शिवपुर भैरोपुर गोलगाव अर्चनागाँव नाहरकोला जिरावेह जैसी ग्रामीण टीमो ने सहभागिता ली सबसे रोमांचक मुक़ाबला पापन और टिमरनी के बीच हुआ जिसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए टिमरनी ने 7 ओवर में 114 रन बनाये जिसमें सर्वाधिक 61 रनों की पारी अफ़ज़ल ने खेली जवाब में ग्रामीण क्षेत्र की मजबूत टीम पापन ने भी जवाबी बल्लेबाज़ी करते हुए अंत तक मैच का निर्णय नहीं होने दिया और टीम के रजा यशीन मोईन ने चोके छक्को के साथ टीम को मैच में बनाए रखा। मैच का निर्णय अंतिम बाल पर हुआ जिसमें पापन टीम 113 रन ही बना सकी इस मैच में दर्शकों की निगाह सिर्फ़ जीत पर थी की कौनसी टीम जीत अपने पाले में करेगी। जिसका ख़िताब टिमरनी ने अपने नाम किया अन्य मैचों में ग्रामीणों क्षेत्र की टीमो ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसमे गोलगाँव अर्चनागाँव नाहरकोला ने भी विजय हासिल की प्रत्येक मैच में छक्के चोके और विकेट पर अनेक आकर्षक पुरुष्कार भी दर्शकों के द्वारा पसंदीदा खिलाड़ियों को प्रदान किए।आज बुधवार को अनेक मुक़ाबलो में अलग अलग मैचों में राजा पापन निर्मल अर्चनागाँव कान्हा नाहरकोला अफ़ज़ल टिमरनी गणेश टिमरनी को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31001 विश्वेन्द्र सिंह मंडलोई। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो द्वारा एवं द्वितीय 15001 पाल बेल्डिंग वर्क्स कमल पाल बानापुरा द्वारा दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक मैच में मेन ऑफ़ द मैच श्री राम जानकी वेयर हाउस सुमित उनाडिया एवं मेन ऑफ़ द सीरिज़ रिज़नेवल इलेक्ट्रिक एवं मशीनरी सिमा आनंद धनगर सूरज धनगर द्वारा दिया जाएगा आदर्श क्रिकेट क्लब सदस्यों द्वारा सभी क्षेत्रवासियों एवं सभी टीमो को पधारने की अपील की है।












अव्यवस्थाओं को देखकर भड़के उमाकांत

# एक्शन में विधायक, बीच सड़क पर अफसर की लगाई क्लास



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर पालिका कार्यालय के ऊपर लगा भारतीय जनता पार्टी का बधाई वाला बोर्डिंग तत्काल हटाओ एसडीएम साहब आप क्या देखते हो, नगर पालिका सीएमओ तुम्हारे कार्यालय में भी साफ सफाई करो, यह जो अव्यवस्थित वहान खड़े हुए हैं इनको ढंग से लगवाओ और यह चेंबर के बाहर गुटखा खाकर किसने थूका है यह क्या हो रहा है सीएमओ साहब, अगले तीन दिन में व्यवस्थाएं सुधर जानी चाहिए यह बात सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने कहीं जब वह शहर में औचक निरीक्षण के लिए पैदल निकले थे विधायक उमाकांत शर्मा दूसरी बार विधायक चुने जाने के बाद से एक्शन के मूड में दिखाई दे रहे हैं आए दिन वे शहर में औचक निरीक्षण करने निकल जाते हैं साथ में चलती है प्रशासनिक अधिकारियों की जमात, अव्यवस्थाएं देख विधायक भी सड़क पर अधिकारियों की क्लास लगा देते हैं मंगलवार को भी कुछ ऐसे ही देखने को मिला नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक एक में विशेष स्वच्छ अभियान का शुभारंभ हुआ था फिर क्या था इसके बाद विधायक निकल पड़े शहर का निरीक्षण करने।

### खाली जगह पर कराएं पौधारोपण

बजरिया में नगर पालिका के नीचे तिराहे पर नालियों के पास पड़ी खाली जगह पर विधायक ने पौधरोपण करने का सुझाव दिया ताकि चौक चौराहे और सड़के सुंदर लगे।

### नपा कार्यालय देख भड़के विधायक

इस दौरान जब विधायक उमाकांत शर्मा नगर पालिका कार्यालय पहुंचे तो उनका गुस्सा संतवें आसमान पर जा पहुंचा नगर पालिका कार्यालय के नीचे खड़े अवस्थित वहांन गंदे ऑफिस और गुटके की पिक देखकर विधायक भड़क गए और व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए साथ ही नगर पालिका की बिल्डिंग पर लगा बड़ा सा होर्डिंग देखकर कहा कि यह कोई बीजेपी का कार्यालय नहीं है सरकारी इमारत है कल अगर कांग्रेस यहां अपना बैनर लगाएगी तो क्या आप इसकी इजाजत दे दोगे साथ चल रहे एसडीएम हर्षल चौधरी को कहा कि एसडीएम साहब आप क्या देख रहे हो।

### बरामदे को खाली करो

हाफिज याकूब बस स्टैंड पर नगर पालिका की दुकानों के सामने बने बरामदे पर दुकानदारों ने अपना सामान रख कर कब्जा कर लिया है विधायक ने सख्ती से बरामदे को खाली करवाया और दुकानदारों को सख्त है हिदायत दी।

### अंडे को खुला ना बेचें

रास्ते में एक अंडे की दुकान दिखाई दी जहां बाहर खुले जगह में बड़ी संख्या में अंडे रखे हुए थे विधायक ने उक्त दुकानदार को सख्त अंदाज में कहा कि यह सब नहीं चलेगा इनको ढक कर रखो।

### तालाब का सौंदर्यकरण का काम में तेजी लाओ

प्रशासनिक अमले के साथ तालाब किनारे पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर पालिका सीएमओ से कहा कि तालाब के लिए जो पैसा आया है उसे जल्दी तालाब का सौंदर्य करण का काम करो।

### शौचालय और यात्री प्रतीक्षालय का भी किया निरीक्षण

इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा हाफिज याकूब बस स्टैंड पर स्थित सुलभ शौचालय पहुंचे जहां मौजूद कर्मचारियों को सही से काम करने के निर्देश दिए वहीं यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण करते हुए उसे और अच्छा बनाने के आदेश प्रशासनिक अधिकारियों को दिया विधायक विधायक श्री शर्मा ने कहा कि जनता मुझे जितना प्रेम स्नेह और विश्वास दिया है । अब मैं सेवक के रूप में जनता की सेवा करना चाहता हूं इसलिए मैं अपना स्वागत सम्मान करवाना बंद कर दिया है। एसडीएम हर्षल चौधरी प्रधानमंत्री मोदी सरकार के द्वारा चलाई जा रही 9 गारंटियों वाली योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके बारे में बताया। अभियान की जानकारी मुख्य नगर पाली अधिकारी राम प्रकाश साहू ने देते हुए बताया कि किस तरीके से स्वच्छता अभियान के माध्यम से शहर को साफ स्वच्छ बनाने के लिए नगर पालिका काम करेगी। वही विधायक ने झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, स्वास्थ अधिकारी धीरज मीना, हरिचरण अहिरवार, अनिल यादव आदि मौजूद थे।





### अपने हाथ से बीना कचरा

विधायक उमाकांत शर्मा ने लोगों से शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की बजरिया में एक दुकानदार द्वारा दुकान के सामने फेंका गया कचरा को देख विधायक भड़क गए और वहां झाडू लगाई इतना ही नहीं अपने हाथ से कचरा उठाकर सफाई कर्मचारियों को सौंप दिया वहीं उक्त दुकानदार से कचरा ना करने की हाथ जोड़कर अपील की इस दौरान रास्ते में कई लोग हाथ जाते हुए दिखाई दिए विधायक उमाकांत शर्मा ने उनसे भी कहा कि सड़क पर आग ना जलाए।

## जनसुनवाई कार्यक्रम में मौके पर 15 आवेदनों का हुआ निराकरण



**विदिशा ।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में हरेक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टेऊट के भूतल स्थित सभागार कक्ष में संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी श्री विष्णुप्रसाद यादव, श्री राजेश गुप्ता के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारियों ने पंक्तिबद्ध रो में बैठकर आवेदको से आवेदन प्राप्ति के उपरांत निराकरण की पहल की गई है।

संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी विष्णुप्रसाद यादव ने बताया कि आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में 25 आवेदको के द्वारा व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे जिसमें से मौके पर 15 आवेदनों का निराकरण किया गया है शेष लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकृत कर निराकरण की जानकारी नवीन जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए है।

## कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने पर दो अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने वाले दो अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ व नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने शोकॉज नोटिस जारी कर उन दोनो को चार जनवरी तक अपना जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट के द्वारा जारी कारण बताओं सूचना पत्र में उल्लेख है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विदिशा विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी श्री अमर दाहिया ग्राम कोठीचारकलां में 31 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें श्री दाहिया स्वंय व अधीनस्थ उपस्थित नहीं हुए। उनकी अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र की नलजल संबंधी शिकायतो का मौके पर निराकरण संभव नहीं हो पाया । उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही का प्रतीक होने पर श्री दाहिया को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।

ग्राम पंचायत दैयरपुर में 31 दिसम्बर को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जूनियर इंजीनियर श्री प्रफुल्ल गोरखेडे स्वंय एवं उनके अधीनस्थ कार्यक्रम में अनुपस्थित रहें। ग्राम पंचायत दैयरपुर में विगत पांच-छह माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामवासियों को बिजली आपूर्ति में अनेक प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड रहा है कि शिकायते मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों को प्राप्त होने पर उनके द्वारा असंतोष जाहिर किया गया और अनुपस्थित के खिलाफ कार्यवाही करने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत ग्राम पंचायत दीघोरा और भदारबड़ा गांव पहुंची आईईसी वैन

विदिशा, दोपहर मेट्रो।



विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज जिले की ग्राम पंचायत दीघोरा और भदारबड़ा गांव में आयोजित कार्यक्रम में जिले को आवंटित आईईसी वैन प्रचार रथ पहुंचा। कार्यक्रम में विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन कर किया गया।

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भारत सरकार द्वारा आमजनों के हित में चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान नवनिर्वाचित विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि देश के गरीबों तक योजनाओ का लाभ पहुंचे। हमारे बीच आई.ई.सी वैन प्रचार रथ आया है जो विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण रहा हैं केंद्र सरकार ने विगत वर्षो से जन हित में जो कार्य किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। ग्राम पंचायतों में जिले को आवंटित आईईसी वैन (प्रचार रथ) के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का संदेश तथा विकसित भारत संकल्प वीडियो का प्रसारण भी किया गया जिसे उपस्थित ग्रामीणजनों के द्वारा देखा और सुना गया।

## मिस वर्ल्ड स्पर्धा में भाग लेने के लिए मानसी रवाना



**सिरोंज।** मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नगर की मानसी चौरसिया रवाना हो गई है। बैसे प्रतियोगिता 2 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रतियोगिता कंबोडिय में होगी जिसका फाइनल 18 जनवरी को होगा लंबे समय से मानसी चौरसिया विभिन्न मॉडलिंग अपना अंदर दिखा चुकी है । साथ विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर छोटे से शहरों से भाग लेकर बड़े स्तर पर शहर का नाम रोशन कर रही हैं। उनके माता-पिता तथा नगर वासियों ने भी मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता जीतने की शुभकामनाएं दी है।

मेट्रो एंकर — नगर पालिका के तमाम विभागों में भ्रष्टाचार को बोलबाला

## नगरपालिका में वर्षो से जमे बैठे कर्मचारियों की मनमानी से परेशान है शहरवासी



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगरपालिका का दायित्व होता है कि वह अपने अधीनस्त शहर को स्वच्छ, साफ सुथरा रखे, शहरवासियों को समय पर जल प्रदाय के साथ-साथ शहर के विकास में आवश्यक निर्माण कर लोगों की सुख सुबिधा के लिए हर संभव प्रयास कर जो नपा के अधिकार क्षेत्र में हो , वह मुहैया कराये। पर न रपालिका अपनी जिम्मेदारी निभाने में असहाय साबित हो रही है। क्योंकि नगरपालिका में वर्षो से जमे बैठे कर्मचारियों के हौंसले इतने बुलंद हो गए है कि वह कैवल अपनी सुख सुविधा के लिए और अपनी सुविधानुसार कार्य करते है।

यहीं वजह है कि नपा के तमाम विभागों में भ्रष्टाचार को बोलबाला है। वगैर लिए दिए कोई कार्य का न होना इस बात सबूत है कि कई नामान्तर पेंडिंग पड़े है। कई निर्माण कार्य अधर में पड़े रहकर उनकी फाइलें बस्ते में बंद हो गई है। मस्टर पर पदस्थ कई कर्मचारी केबल हाजिरी भरने जाते है। पिछ्ले कई सालों से बिना कार्य किए मुफ्त का वेतन लेते चले आ रहे है और यह सब समय समय पर कर्मचारियों का स्थानांन्तर न होने से हो रहा है।

वहीं संबधित अधिकारियों द्वारा भी नगरपालिका की जांच पड़ताल नहीं की जाती है। कर्मचारियों की शिकायत करने के बाद भी , कर्मचारियों पर नकेल नहीं डाली जाती है। रहा साफ सफाई का तो जगह जगह पर कचरा के ढैर लगे रहते है, नालियों में सड़ा गला पानी भरा होने से बदबू के कारण कई लोग आंखों में,सिर दर्द के मरीज हो गए है और कई होने की कगार पर है।

**नपा अपने दायत्व का निर्वाह करने में है लापरवाह** – सड़कों पर जहां अतिक्रमण है,वहीं शहर की सड़कों व चौक चौराहों पर आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है, आवारा मवेशियों के विचरण दौरान कई अनहोनी घटनाए घटित हो चुकी है। आवागमन बाधा जनक के साथ साथ जान जोखम भरा हो गया है।

**वर्षो से जमे** – वर्षो से जमे यह अधिकारी जब अपना काम नहीं करते और जनता परेशान होती है तो इसमें क्षेत्रीय विधायक का नाम भी खराब होता है।




# टीम इंडिया की राह आसान नहीं, अफ्रीका में आज से करो या मरो भिड़ंत

टीम इंडिया साल 2024 का आगाज साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में टेस्ट मैच खेलकर करेगी।दोनों टीमों के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सेंचुरियन पार्क में खेले गये पहले टेस्ट में भारतीय टीम को पारी और 32 रनों की करारी शिकस्त झेलना पड़ी है। अब सीरीज का दूसरा मैच और आखिरी मुकाबला आज से केपटाउन में शुरू होगा। दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया जीत हासिल कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका पर कुछ अंक बटोरना चाहेगी। भले ही यह काम आसान नहीं रहने वाला है, लेकिन भारतीय टीम पिछले कुछ विदेशी दौरों में वापसी करने का कारनामा कर चुकी है। अगर केपटाउन में टीम इंडिया के टेस्ट आंकड़ों की बात की जाए तो यहां टीम ने अभी तक 6 टेस्ट खेले हैं। जिसमे से 4 में उसे हार का सामना करना पड़ा है, वहीं 2 मैच ड्रा रहे हैं। यानी अभी तक टीम इंडिया को यहां पहली टेस्ट जीत का इंतजार है। यही वजह है रोहित सेना इस मैच को जीतकर सीरीज को 1-1 से बराबर कर नया इतिहास रचने की फिराक में रहेगी, जबकि अफ्रीकी टीम भारत का सूफड़ा साफ करने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी। टीम इंडिया भले ही पहला टेस्ट मैच बड़े अंतर से हारी हो ,लेकिन के एल राहुल और विराट कोहली की बल्लेबाजी बाकी बल्लेबाजों के लिए दूसरे मैच में बेहतर करने के लिए नसीहत का काम करेगी। वहीं गेंदबाजों को बुमराह से सबक लेकर दूसरे छोर से भी अफ्रीकी बल्लेबाजों दवाब में रखने का काम करना पड़ेगा। अगर हम दोनों टीमों की अंतिम एकादश की बात करें तो फिर अफ्रीकी टीम में लुंगी एंगीडी की वापसी हो सकती है। वहीं टीम इंडिया ने पहले टेस्ट में जहां जडेजा की चोट के कारण रविचंद्रन अश्विन को मौका दिया था, वहीं प्रसिद्ध कृष्णा को डेब्यू करने का मौका मिला। लेकिन रविचंद्रन अश्विन न तो गेंदबाजी में कोई कमाल कर पाए और न ही बल्लेबाजी में उस तरह के हाथ दिखा पाए, जिसकी वजह से जडेजा की वापसी हो सकती है।जबकि तेज गेंदबाजी में आवेश खान/मुकेश कुमार में से किसी एक को मौका मिलना तय है। टीम इंडिया की बल्लेबाजी में में छेड़खानी की गुंजाइश कम ही नजर आती है,लेकिन मेरी नजर में अगर इस मैच में शुभमन गिल को बतौर ओपनिंग बल्लेबाज आजमाया जाता है तो बेहतर रिजल्ट मिल सकते हैं।वाएँ हाथ के युवा यशस्वी जयसवाल को तीसरे नम्बर पर बल्लेबाजी का दांव खेलना किसी भी हाल में बुरा विकल्प नहीं हो सकता है। यह बात सच है कि उछाल भरी पिचों पर श्रेयष आयर की कमजोरी उभर कर आती है,लेकिन फिर भी उसके रिकॉर्ड की वजह से मध्यक्रम में जगह बनाने में कामयाब है। वैसे भी पिछले काफी समय से भारतीय टीम के चयनकर्ता की नजर में बल्लेबाजी विकल्प के तौर सिर्फ ओपनर की ही तलाश हो रही है।कप्तान ओर मैनेजमेंट को हमेशा ही टीम में ओपनर बल्लेबाजों के ही विकल्प दिए जाते हैं। इस मैच में भी टीम में 4 ओपनर मौजूद है क्योंकि ऋतुराज गायकवाड़ की जगह ईश्वरन को टीम का हिस्सा बना दिया गया है।अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि घरेलू क्रिकेट में धमाल करने वाले इस युवा को मौका मिलता है या नहीं। टीम इंडिया की अंतिम एकादश क्या रहेगी यह तो आज पता चल ही जायेगा, लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि रोहित ब्रिगेड लिए केप टाउन की राह आसान नहीं रहेगी।अगर इस टीम को कोई चमत्कार करना है तो इसके बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों को भी मैच में कुछ अलग ही करना पड़ेगा।


आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

### एएफसी फुटबॉल एशियन कपः छेत्री, झिंगन और संधु के साथ उतरेगी टीम

# भारत का पहला मैच अहमद बिन अली स्टेडियम में 13 को ऑस्ट्रेलिया से होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

जनवरी में होने वाले एएफसी एशियन कप के लिए भारतीय फुटबॉल टीम ने 26 प्लेयर्स का स्क्वाड जारी कर दिया है। सुनिल छेत्री टीम के कप्तान होंगे। वहीं स्टार गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू और डिफेंडर संदेश झिंगन भी टीम का हिस्सा होंगे। सुनील छेत्री और गुरप्रीत सिंह संधू 2011 एएफसी एशियन कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। छेत्री ने बहरीन और साउथ कोरिया के खिलाफ एक-एक गोल किया था। एशियन कप में भारत ग्रुप बी में है। भारत का पहला मैच 13 जनवरी को अल रेयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट कतर में 12 जनवरी से 10 फरवरी तक खेला जाएगा।

### ग्रुप में तीनों टीमें मजबूत

स्टिमैक बोले - ग्रुप स्टेज में हमारे तीनों प्लेयर्स टेक्निकली मजबूत है। हमारे लिए तीनों मुकाबले अहम है। मैदान का बाहर हमारे फैंस हमारा हौसला बढ़ाएंगे। ब्लू टाइगर्स के लिए कतर में प्रतिस्पर्धा करना कोई नई बात नहीं है, वे वहां अपने 2022 फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर के चार मैच खेलेंगे, जिनमें दो मेजबान टीम के खिलाफ भी शामिल हैं।



### *स्टिमैक बोले-* भारतीय फैंस को कतर में देखने के लिए उत्सुक

मैं दोहा में अपने भारतीय फैंस को देखने के लिए उत्सुक हूं। वे क्वालीफायर के दौरान भारतीय टीम का समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में आए थे, और यही एक कारण था कि हमने यहां कतर के खिलाफ दो शानदार प्रदर्शन किया। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि हमारे लड़कों को बड़े पैमाने पर समर्थन मिलेगा। उम्मीद है, हम उन्हें अच्छे नतीजों से जश्न मनाने का मौका दे सकते है।

### 5वीं बार एशियन कप में हिस्सा लेगा भारत

भारतीय फुटबॉल टीम पांचवीं बार एशियन कप में हिस्सा लेगी। इससे पहले टीम 1964, 1984, 2011 और 2019 में टूर्नामेंट खेल चुकी है। 1964 में टीम ने बेस्ट प्रदर्शन किया था और फाइनल खेला था। वहीं, बाकि तीन एडिशन में भारत ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया था। इस बार एशियन कप में भारत के ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया होगा। भारत का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 जनवरी, दूसरा मुकाबला उज्बेकिस्तान के खिलाफ 18 जनवरी और सीरिया के खिलाफ तीसरा मुकाबला 23 जनवरी को होगा।

### डिफेंस, अटैक और सेट-पीस पर काम करना होगा

भारतीय फुटबॉल टीम कोच इगोर स्टिमैक ने कहा, ये सभी प्लेयर्स फुटबॉल क्वालिटी के मामले में एक जैसे है। हम एक टीम हैं, एक परिवार हैं। लेकिन प्रतिभा कोई भी हो, अगर कैरेक्टर नहीं है, तो कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। स्टिमैक ने आगे कहा, जिन चीजों पर हम काम करना चाह रहे हैं, वे हैं उसमें मुख्य रूप से डिफिंसिव कॉम्पैक्टनेस, अटैकिंग चेंज और सेट पीस (पेनल्टी, कॉर्नर) होंगे। बॉक्स के अंदर प्लेयर्स को ज्यादा एक्यूरेट होना होगा। हमने पिछले कुछ समय से पेनल्टी बॉक्स के अंदर कई गोल मिस किए है।

### इंडिया और साउथ अफ्रीका का दूसरा टेस्ट आज

# भारत को सीरीज ड्रॉ कराने के लिए जीत जरूरी





**केप टाउन, एजेंसी**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से केप टाउन में खेला जाएगा। न्यूलैंड्स मैदान में मुकाबला दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। साउथ अफ्रीका पहला मैच जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम को सीरीज ड्रॉ कराने के लिए यह मैच जीतना जरूरी है। दोनों ही टीमों के लिए मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भी अहम है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 15 टेस्ट सीरीज खेली गईं। 4 सीरीज भारत ने जीती, जबकि 8 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली और 3 सीरीज ड्रॉ रहीं। दोनों टीमों के बीच ओवरऑल 43 टेस्ट खेले गए। भारत ने 15 और साउथ अफ्रीका ने 18 मुकाबले जीते, जबकि 10 टेस्ट ड्रॉ रहे। भारतीय टीम तीनों फॉर्मेट की सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर है।

### भारत को न्यूलैंड्स में पहली जीत की तलाश

टीम इंडिया को केप टाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में पहली जीत की तलाश है। टीम ने यहां 6 टेस्ट खेले, उन्हें 4 में हार मिली और महज 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ने 2 टेस्ट महेंद्र सिंह धोनी और मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में ड्रॉ कराए। टीम को विराट कोहली की कप्तानी में 2 बार हार मिली, जबकि एक-एक बार राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदलुकर की कप्तानी में भी टीम को हार मिली। भारत ने यहां अपना आखिरी टेस्ट मैच 2022 में खेला था, जिसमें उसे 7 विकेट से हार मिली थी। वहीं साउथ अफ्रीका की ओर से इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन डीन एल्गर ने बनाए हैं। उन्होंने पहले मैच में एक शतक की मदद से 185 रन बनाए थे। एल्गर के करियर का यह आखिरी टेस्ट भी है। वह ही चोटिल टेम्बा बावुमा की गैरमौजूदगी में टीम की कमान संभालेंगे। टीम के लिए पहले मैच में सबसे ज्यादा 7 विकेट डेब्यूटांट नांद्रे बर्गर ने लिए थे।



## मेट्रो बाजार

# एलन मस्क को हिस्सेदारी नहीं बेचेगी वोडाफोन और आइडिया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड ने उस खबर को खारिज कर दिया है, जिसमें एलन मस्क की स्टार लिंक प्रोजेक्ट के साथ टाइअप और हिस्सेदारी बेचने की बात कही गई थी। वीआई ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 29 दिसंबर को बिजनेस वर्ल्ड में लगी खबर के आधार के बारे में हमें जानकारी नहीं है। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि कंपनी सेबी लिस्टिंग के नियमों का पालन करेगी। इस खबर के बाद वोडाफोन-आइडिया के शेयर में 5 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी जा रही है। इससे पहले बिजनेस वर्ल्ड ने 29 दिसंबर 2023 को एक रिपोर्ट पब्लिश की थी जिसमें दावा किया गया था कि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ हिस्सेदारी बिक्री को लेकर कंपनी की बातचीत चल रही है। इसी रिपोर्ट के आधार पर सेबी ने उनसे जवाब मांगा था। बीते दो कारोबारी दिनों में वीआई का शेयर 23 फीसदी उछला है। 28 दिसंबर 2023 को यह 13.25 था जो 1 जनवरी को बढ़कर 18.42 के 52 वीक हाई पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में इसमें कुछ गिरावट आई और ये 5.94त्न बढ़कर 16.95 रुपए पर बंद हुआ था। इसके पहले भी सितंबर 2023 में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वोडाफोन-आइडिया में अमेरिकी कंपनी वेरिजॉन, अमेजन या स्टारलिंक हिस्सेदारी खरीद सकतीं हैं। हालांकि कंपनी ने 18 सितंबर को इन खबरों को गलत बताया और इन कंपनियों के साथ किसी भी तरह के नेगोशिएशन की खबरों से इनकार किया था। दूर-दराज के इलाकों में भी तेज इंटरनेट देता है स्टारलिंक का काम दूर-दराज के इलाकों को सैटेलाइट के जरिए तेज इंटरनेट से जोड़ना है। इसमें कंपनी एक किट उपलब्ध करवाती है, जिसमें राउटर, पावर सप्लाई, केबल और माउंटिंग ट्राइपॉड दिया जाता है। हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए डिश को खुले आसमान के नीचे रखा जाता है। आईओएस, एंड्रॉइड पर स्टारलिंक का ऐप मौजूद है, जो सेटअप से लेकर मॉनिटरिंग करता है।




# रॉकेट बनी बिटकॉइन, 21 महीने के टॉप पर पहुंची

**मुंबई, एजेंसी।** बिटकॉइन की कीमत 21 महीने के टॉप पर पहुंच गई है। पिछले साल इसमें 156 फीसदी तेजी आई। हालांकि यह अब भी अपने टॉप स्तर से काफी दूर है। बिटकॉइन दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी है। 21 महीने में पहली बार इस स्तर पर पहुंची दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन के निवेशकों के लिए नया साल खुशखबरी लेकर आया है। इसकी कीमत 45,000 डॉलर के पार पहुंच गई है। अप्रैल 2022 के बाद पहली बार बिटकॉइन की कीमत इस स्तर पर पहुंची है। एक्सचेंज ट्रेडेड स्पॉट बिटकॉइन फंड्स को मंजूरी मिलने की उम्मीद में बिटकॉइन की कीमत में तेजी आई है। बिटकॉइन की कीमत में पिछले साल यानी 2023 में 156 फीसदी तेजी आई जो 2020 के बाद इसका सबसे बेहतर प्रदर्शन है। हालांकि यह अब भी अपने उच्चतम स्तर से काफी दूर है। नवंबर 2021 में बिटकॉइन की कीमत 69,000 डॉलर के रेकॉर्ड हाई पर पहुंची थी। निवेशकों को उम्मीद है कि अमेरिका का सिक्योरिटीज रेगुलेटर स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी दे सकता है। इससे लाखों निवेशकों के लिए बिटकॉइन मार्केट का रास्ता खुल सकता है। और अरबों डॉलर का निवेश आ सकता है। यही कारण है कि बिटकॉइन की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। इस बीच इथेरियम ब्लॉकचेन नेटवर्क से जुड़ी कॉइन इथर में भी 1.45 फीसदी तेजी आई है।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# आलिया, दीपिका नहीं बल्कि ऐश्वर्या है इंडिया की सबसे अमीर एक्ट्रेस



जी हां, ऐश्वर्या राय बच्चन इंडिया की सबसे अमीर एक्ट्रेस की लिस्ट में टॉप पर हैं. चलिए जानते हैं एक्ट्रेस की नेटवर्थ कितनी हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक ऐश्वर्या की कुल नेटवर्थ 776 करोड़ रुपये है. एक्ट्रेस अपने किरदार और स्क्रीन टाइम के अनुसार फिल्म के लिए 10 से 12 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं. ऐश्वर्या ने अपनी फिल्मी करियर में करीब 50 से ज्यादा फिल्में की हैं. उनकी कई फिल्में सुपरहिट साबित रही हैं. ये वजह है ऐश्वर्या हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में टॉप पर हैं. फिल्मों के अलावा ऐश्वर्या बाकी कामों से भी करोड़ो रुपये कमाती हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक एक्ट्रेस ब्रांड एंड्रोसमेंट लिए 80-90 लाख रुपये फीस लेती हैं. बता दें कि, ऐश्वर्या राय के बाद आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण का नाम आता है. टीवी18 के मुताबिक आलिया व दीपिका की नेटवर्थ 485 और दीपिका की नेटवर्थ 314 करोड़ है. वर्क फंट की बात करें तो, ऐश्वर्या राय बच्चन हाल ही में साउथ फिल्म पोन्नियन सेलवन में नजर आईं थी।

# ऋतिक रोशन संग 'फाइटर' में आएंगी नजर दीपिका



एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'फाइटर'को लेकर चर्चा में हैं. इस एरियल एक्शन फिल्म में उनके अपोजिट ऋतिक रोशन नजर आएंगे. सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. हर तरफ नए साल की धूम देखने को मिल रही है. बॉलीवुड सितारे भी न्यू ईयर के जश्न में डूबे नजर आ रहे हैं. सितारों के सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई है. कोई दोस्तों संग पार्टी करता हुआ दिखा, तो कई सेलेब्स छुट्टियों पर घूमने निकले हैं. दीपिका पादुकोण ने इस तरफ से की नए साल की शुरुआत है। वहीं बॉलीवुड की लेडी स्टार दीपिका पादुकोण ने भी एक खास अंदाज में नए साल की शुरुआत की है. एक्ट्रेस किसी खूबसूरत जगह पर छुट्टियां मना रही हैं।

# करण जौहर ने 'एनिमल' को बताया साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्म



फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने रणबीर कपूर की हाल ही में रिलीज हुई 'एनिमल' फिल्म की जमकर तारीफ की, जिसे संदीप रेड्डी वांगा ने निर्देशित किया था। एक्शन ड्रामा ने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, लेकिन अपनी कहानी के लिए इसे आलोचना का भी सामना करना पड़ा है। हालांकि, करण ने एनिमल को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म कहा और यह भी खुलासा किया कि उन्होंने फिल्म दो बार देखी है। करण जौहर ने संदीप रेड्डी, रानी मुखर्जी, तापसी पन्नू, पृथ्वी कोनानूर, जूड एंथनी जोसेफ और रीमा दास के साथ एक एक कार्यक्रम में भाग लिया था। इस दौरान उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा से उनकी फिल्म की तारीफ की। कहा कि एनिमल साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्म है, और इसकी सफलता गेम-चेंजर है। करण ने कहा कि जब मैंने बताया कि मुझे एनिमल कितनी पसंद आई तो लोग मेरे पास आए और बोले कि आपने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बनाई है, जो इस फिल्म के बिलकुल विपरीत है, तब मैंने कहा कि मैं आपसे अधिक असहमत नहीं हो सकता, क्योंकि मेरे लिए एनिमल साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्म है। इस निर्णय पर पहुंचने में मुझे थोड़ा समय लगा और बहुत साहस लगा, क्योंकि जब हम लोगों के आसपास होते हैं तो इस तरह के निर्णय लेने से डरते हैं। जैसे कि कबीर सिंह के समय हुआ। वह फिल्म भी मुझे पसंद थी। मुझे लग रहा था कि मैं ऐसा कुछ कहने जा रहा हूं, जिससे मुझे लोगों की गंदी नजरें मिलेंगी और ट्रोल किया जाएगा, लेकिन अब मुझे कोई परवाह नहीं है। इसके बाद करण जौहर ने विस्तार से बताया कि उन्हें रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल इतनी पसंद क्यों है। उन्होंने कहा, %मुझे एनिमल उसकी फंट, बिल्कुल दृढ़ विश्वास-आधारित कहानी कहने, व्याकरण को तोड़ने, मिथकों को तोड़ने, वह सब कुछ तोड़ने के लिए पसंद है, जो आप सोचते हैं कि मुख्यधारा के सिनेमा के अनुरूप है। अचानक आपके पास एक इंटरवल ब्लॉक आ जाता है,

# मनोज का एब्स ट्रांसफॉर्मेशन देख लोग चौंके, पूछा- कहीं ये डीपफेक वाला मामला तो नहीं!



बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी की एक स्पेशल तस्वीर इस वक्त सुर्खियों में है जिसमें वो डोले-शोले दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर की चर्चा इसलिए ज्यादा है कि एक्टर इससे पहले कभी इस अंदाज में कैमरे के सामने नहीं दिखे हैं। ये पहला मौका है जब वो एब्स दिखाते नजर आ रहे हैं। मनोज अपनी स्ट्रीमिंग सीरीज 'किलर सूप' का इंतजार कर रहे मनोज बाजपेयी ने अपने वॉशबोर्ड एब्स के साथ अपनी फोटो शेयर की है जिसमें वो किलर अंदाज में दिख रहे हैं। इस तस्वीर में मनोज शर्टलेस नजर आ रहे हैं। अपनी इस शर्टलेस तस्वीर के साथ मनोज ने काफी मजेदार कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा है, नया साल, नया मैं, देखो सूप का मेरी बॉडी पर असर, एकदम किलर लुक है ना?

**अनुराग कश्यप से लेकर डब्बू रत्नानी ने भी की तारीफ:** गैंग्स ऑफ वासेपुर% में मनोज को निर्देशित कर चुके फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने उनकी इस तस्वीर पर कॉमेंट किया है और लिखा है- छुपे रुस्तम। फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी ने भी उनकी फोटो पर जमकर तारीफ की है। काफी सारे फैन्स मनोज के नए लुक की तारीफें करते दिखे हैं। लोगों ने पूछा- डीपफेक या फोटोशॉप्ड वाला मामला तो नहीं!

# रेलवे पटरी पर मिली युवक की लाश

## ट्रेन की चपेट में आने से मृतक का सिर और धड़ अलग हो गया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खजूरी सड़क स्थित ग्राम बकानिया के पास रेलवे पटरी से एक युवक की लाश बरामद हुई। ट्रेन की चपेट में आने से मृतक का सिर और धड़ अलग हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए एक संदेही का नाम पुलिस को बताया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात स्टेशन मास्टर आरएस गुप्ता ने सूचना दी कि ग्राम बकानिया स्थित रेलवे पटरी पर किसी व्यक्ति की लाश पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का शव दो टुकड़ों में कटा हुआ बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। बाद में मृतक की पहचान बलवान सिंह लोधी (35) निवासी ग्राम रसूलिया के रूप में हुई। वह खेती किसानी के साथ ही प्रार्पटी डीलिंग का काम करता था। मृतक का परिजनों ने बलवान सिंह की हत्या करने के बाद उसे हादसे का रूप देने के लिए रेलवे पटरी पर फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल पाएगा कि युवक की मौत ट्रेन से कटने का कारण हुई अथवा हत्या करने के बाद उसे पटरी पर फेंका गया था। परिजनों ने एक संदेही व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को खजूरी थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।





### आठ लाख को लेकर चल रहा था विवाद

मृतक के ममेरे भाई महेश लोधी का कहना था कि बलवान सिंह खुदकुशी नहीं कर सकता है। उसका एक व्यक्ति के जमीन के पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। संबंधित व्यक्ति ने करीब आठ लाख रुपये लिए थे, लेकिन लंबे समय से वापस नहीं लौटा रहा था। मामले को टरकाने के लिए वह कई बार चैक देकर गुमराह कर चुका था। सोमवार को उसी व्यक्ति ने रकम लेने के लिए बलवान सिंह को बुलाया था। उसे इलाके में शाम छह बजे के आसपास जीवित अवस्था में देखा गया था। कुछ समय बाद बलवान की रेलवे ट्रैक पर लाश मिली। थाने के सामने बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि परिवार को न्याय नहीं मिलने पर वह उग्र आंदोलन कर सकते हैं।

## भोपाल से रायपुर जा रहा ट्रक पलटा, बदमाशों ने चुरा लिया 170 बोरी लहसुन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल से लहसुन भरकर रायपुर जा रहा एक ट्रक बिलखिरिया इलाके में पलट गया। इस दौरान अज्ञात लोगों ने ट्रक में भरा करीब 170 बोरी लहसुनल चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान पता चला कि चोरी का 18 बोरी लहसुन करोंद स्थित एक दुकान पर बेचा गया है। पुलिस उक्त लहसुन बरामद कर लिया है। बाकी का लहसुन और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक फरियादी मनीष कुंदानी सब्जी व्यवसायी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती 28 दिसंबर को उन्होंने एक ट्रक में लहसुन भरकर रायपुर के लिए रवाना किया था। रात करीब तीन बजे वह ट्रक बिलखरिया थानांतर्गत ग्राम झागरिया के पास अनियंत्रित होकर स?क किनारे पलट गया। इस दौरान अज्ञात लोगों ने पलटे हुए ट्रक में लदी लहसुन की 170 बोरियां चोरी कर ली। पुलिस ने जब अपने मुखबिरों को सक्रिया किया तो पता चला कि अट्ठारह बोरी लहसुन करोंद मंडी में बेचा गया है, जिसे जब्त कर लिया गया।

## लोडिंग वाहन समेत आधा दर्जन दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बदमाश अलग-अलग स्थानों से एक लोडिंग वाहन समेत करीब आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक जहांगीराबाद थानांतर्गत मिंटो हाल के सामने खड़ा नंदराम प्रजापति का मैजिक लोडिंग वाहन चोरी हो गया। इसी प्रकार अशोका गार्डन थानांतर्गत हिनौतिया से शेरसिंह मालवीय, कमला नगर थानांतर्गत नेहरू नगर से अर्पित बघेल और कोटरा सुल्तानाबाद से भूरेलाल रजक, सोनागिरी पिपलानी से कुलदीप सिंह, ग्रीनसिटी अस्पताल के पास गौतम नगर से मोहसिन खान की मोटर सायकिल चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## फूड जोन से 70 हजार रुपए का आईफोन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन पुलिस ने सत्तर हजार रुपए का आईफोन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फूड जोन पर काफी पीने पहुंचे एक युवक का टेबिल पर रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। पुलिस के मुताबिक सनी सहगल (27) गोविंद गार्डन ऐशबाग में रहते हैं और दिल्ली स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। बीती 26 दिसंबर की रात को वह काफी पीने के लिए हरी मैरिज गार्डन हिनौतिया स्थित फूड जोन पहुंचे थे, तभी किसी ने टेबिल पर रखा उनका आईफोन चोरी कर लिया था। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को संदेही व्यक्ति द्वारा दिए गए अल्टरनेट नंबर की लोकेशन निकालने के बाद पुलिस मुकद्दस नगर ऐशबाग स्थित उसके घर पहुंची, जहां यावर खान नामक युवक मिला। तलाशी लेने पर उसके पास आईफोन बरामद हुआ। पूछताछ में उसने उक्त मोबाइल फोन फूड जोन से चोरी करना स्वीकार कर लिया।



### बीमारी से परेशान होकर उठाया कदम

# 74 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित सुविधा विहार कॉलोनी में 74 साल के बुजुर्ग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश परिजनों ने फंदे पर देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।**

पुलिस के अनुसार 74 वर्षीय गिरिजा प्रसाद शर्मा सुविधा विहार कॉलोनी में रहते थे। मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे के आसपास उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा का शव पीएम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया की गिरिजा प्रसाद शर्मा की दोनों किडनी फेल हो चुकी थी। उनका डायलिसिस कराया जा रहा था। मंगलवार को भी है उनका डायलिसिस होना था। इससे पूर्व ही उन्होंने फांसी लगा ली। अनुमान है कि उन्होंने बीमारी से परेशान होकर यह कदम उठाया है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



मिसरोद स्थित जाटखेड़ी में रहने वाली एक नवविवाहिता ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना से पहले पति के साथ उसकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण आगे की जांच एसीपी द्वारा की जाएगी। पुलिस के मुताबिक राखी खरे पत्नी विशाल खरे (25) जाटखेड़ी मल्टी में रहती थी और गृहणी थी। करीब दो साल पहले ही उसकी शादी विशाल के साथ हुई थी। पति एक बड़े शासकीय संस्थान में प्रायवेट साफ-सफाई कर्मचारी है। सोमवार शाम करीब चार बजे दंपति के बीच किसी बात को लेकर बहसबाजी हुई थी। उसके बाद पति घर के बाहर चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में लिया संज्ञान

## इलेक्ट्रिशियन की करंट लगने से मौत, आयोग ने सीएमडी को दिए जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। कोलार थाना क्षेत्र में स्थित इनायतपुरा में हाई टेंशन लाइन पर काम कर रहे इलेक्ट्रिशियन की करंट लगने से मौत होने के मामले में आयोग ने सीएमडी, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क.लि., भोपाल को घटना की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में दोषी व्यक्ति के विरुद्ध की गई कार्यवाही कर एवं मृतक के वैध उत्तराधिकारियों को शासन की नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।




**करंट से किसान की मौत, कार्यपालन यंत्री से जवाब तलबः** भोपाल जिले के नजीराबाद थानाक्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी खुर्द में खेत में पानी देते समय एक किसान को करंट लग गया। परिजन तत्काल उसे सिविल अस्पताल, बैरसिया लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में आयोग ने कार्यपालन यंत्री, मप्रमक्षेविविकंलिमि भोपाल से प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

## चाइल्ड लाइन का संचालन एनजीओ के आदेश पर आपत्ति

### बाल आयोग ने लिखा मुख्य सचिव को पत्र, कहा, आवश्यक सुधार किए जाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चाइल्ड लाइन का संचालन एनजीओ द्वारा कराए जाने संबंध में 26 दिसंबर को जारी किए आदेश को लेकर अब राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने मुख्य सचिव, मप्र शासन को पत्र लिखा है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने इस पत्र में कहा है कि डीसीपीयू यूनिट के माध्यम से बच्चों को सहायता प्रदान की जानी है। इस पर अनुभवी लोगों को योग्यता के अनुसार नौकरी देनी है। एसओपी के प्रावधानों का पालन करते हुए आवश्यक सुधार किए जाएं व राज्य में जिला स्तर पर सीएचएल इकाइयों के कामकाज के संबंध में नया आदेश जारी किया जाए। इसके साथ ही 3 दिन के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई रिपोर्ट भेजें। बता दें कि इसके करीब तीन माह पहले 5 अक्टूबर को जारी किए आदेश पर भी आयोग ने आपत्ति दर्ज कराई थी।

## सैर करने निकले किशोर खंभे से टकराए, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सैर करने निकले दो किशोर का संतहिरदाराम नगर के पास एक्सीडेंट हो गया। बाइक चालक बिजली के खंभे से टकरा गया। हादसे में बच्चे के सिर में गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राजीव नट नई बस्ती गांधी नगर का रहने वाला था। वह पांचवीं के कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ चुका था। दोस्त सुनील के साथ घूमने निकला था।

## पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने वालों की शिकायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ट्रैफिक पुलिस ने पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने वाले दो युवकों की जानकारी नगर निगम को दी है। नगर निगम द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोगों को मल्टीलेवल व निर्धारित स्थान पर वाहनों की पार्किंग के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस टीम डीबी माल के सामने पहुंची तो भूपेंद्र और गोलू नामक दो युवक पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करते मिले। दोनों की जानकारी ननि को दी। साथ ही पुलिस ने न्यू मार्केट स्थित टाप एण्ड टाउन के सामने ड्रॉप एंड गो पाइंट बनाया है। यहां सवारी उतारने के बाद वाहनों को मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क करने की व्यवस्था की है। वहीं अन्य स्थान पर सवारी चढ़ाने व उतारने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस ने बताया कि एमपी नगर एवं न्यू मार्केट में निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग में ई-रिक्शा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वाहनों को पार्क करने के बाद लोगों को न्यू मार्केट तक रिक्शा से छोड़ा जाएगा।

**मेट्रो एंकर** | **फोटो और वीडियो देखकर होगी आरोपियों की पहचान**

# नए हिट एण्ड रन कानून के विरोध में प्रदर्शन करने वाले 300 लोगों पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**नए हिट एण्ड रन कानून के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन करने वाले करीब तीन सौ अज्ञात ड्रायवरों के खिलाफ दो थानों में केस दर्ज किए गए हैं। बिलखिरिया थाने में रास्ता रोककर चक्काजाम करने और ईंटखेड़ी थाने में चक्काजाम करने का मामला दर्ज किया गया है।**

पुलिस का कहना है कि फोटो और वीडियो देखकर आरोपियों की पहचान की जाएगी। जानकारी के अनुसार नए हिट एण्ड रन कानून में एक्सीडेंट करने के बाद भाग जाने वाले ड्रायवरों पर लाखों रुपये का जुर्माना और दस साल की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके विरोध में सोमवार को पूरे भोपाल जिले में ट्रक और अन्य ड्रायवरों ने जमकर प्रदर्शन किया। कई स्थानों पर प्रदर्शन करने वालों ने आमलोगों के साथ भी बदसलूकी की। बिलखिरिया थानांतर्गत कोकता बायपास चौराहे के पास दोपहर करीब बारह बजे से ढाई-तीन बजे तक लगभग डेड़ सौ ड्रायवरों ने जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम कर दिया था। प्रदर्शन के दौरान से निकल रहे सायकिल सवार अजय बंजारा को रोक लिया गया था। पुलिस ने बाद में अजय की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा और चक्काजाम करने का केस दर्ज कर लिया। इधर ईंटखेड़ी पुलिस ने मंगलवार सुबह सुनील गुर्जर नामक व्यक्ति की रिपोर्ट पर करीब डेड़ सौ अज्ञात ट्रक यूनियन वाहन चालकों के खिलाफ चक्काजाम कर प्रदर्शन करने का मामला दर्ज किया है। इन प्रदर्शनकारियों ने सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे से ईंटखेड़ी स्थित बायपास चौराहे पर चक्काजाम किया था। इसके अलावा बैरसिया, परवलिया और सूखी सेवनिया इलाके में भी ड्रायवरों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन किसी आम शहरी को परेशान नहीं किया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022